# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–210 । सागर, सोमवार, 18 सितंबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



पंचायत सुनाटी के कुदैल गांव का बारिश चलते आवागमन ठप्प — पृष्ठ 3

- विपक्षी एकता को बचाना बड़ी चुनौती
- नफरत के खिलाफ असहयोग आंदोलन — पृष्ठ 4

- मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना का किया शुभारंभ — पृष्ठ 6

कृषि ग्रामीण विकास बैंक के कर्मचारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन — पृष्ठ 7


## सार-समाचार

### लोडिंग वाहन पलटने से 4 लोगों की मौत

**भिंड, एजेंसी।** भिंड जिले के गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के जैतपुरा के पास तेज रफ्तार एक लोडिंग वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई है। उप्र के जालौन जिले कोंच चौराहा तोपखाना मोहल्ला निवासी नाजिम अपने लड़के निहाल, भांजे अबू बकर और चाचा के लड़के अली के साथ ग्वालियर से बक्से बनाने का सामान लेकर उदी मोड़ के पास कुंडेश्वर मेला में जा रहा था। इसके लिए उन्होंने लोडिंग वाहन किराए पर लिया था। गाड़ी राजू निवासी मोहल्ला तोपखाना पेट्रोल पंप मंदिर के पीछे जालौन चला रहा था। भिण्ड–ग्वालियर रोड पर जैतपुरा के पास पहुंचे ही थे तभी तेज रफ्तार लोडिंग वाहन हाइवे किनारे पलट गया।

### कांग्रेस विधायक मम्मन खान की रिमांड बढ़ी

**गुरुग्राम, एजेंसी।** नूंह हिंसा भड़काने के आरोपी फिरोजपुर झिरका के कांग्रेस विधायक मम्मन खान को रविवार को फिर से एक अदालत में पेश किया गया, जिसने विशेष जांच दल (एसआईटी) को उनकी रिमांड की अवधि दो दिन के लिए बढ़ा दी। अदालत ने खान को तीन अन्य मामलों में भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया। खान की अदालत में पेशी के चलते जिले में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी।

### ईडी ने हेमंत सोरेन को चौथा समन भेजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 23 सितंबर को जमीन हड़पने के मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में शामिल होने के लिए एक नया समन भेजा है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। सोरेन को जारी किया गया यह चौथा समन था। पिछली बार उन्हें 9 सितंबर को पेश होने के लिए कहा गया था। ताजा समन मिलने के बाद सोरेन ने शीर्ष अदालत का रुख भी किया था।

### मोदी ने लेखिका गीता मेहता के निधन पर जताया दुख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को प्रसिद्ध लेखिका और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की बहन गीता मेहता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, मैं प्रसिद्ध लेखिका गीता मेहता के निधन से दुखी हूं। वह बहुमुखी व्यक्तित्व की धनी थीं, जो अपनी बुद्धिमता और लेखन के साथ–साथ फिल्म निर्माण के प्रति जुनून के लिए प्रसिद्ध थीं। वह प्रकृति और जल संरक्षण के प्रति भी समर्पित थीं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं ओडिशा नवीन जी और पूरे परिवार के साथ हैं। ओम शांति।

### शाह ने हैदराबाद मुक्ति संग्राम के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**हैदराबाद, एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को हैदराबाद के मुक्ति संग्राम के दौरान शहादत देने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी। मुक्ति दिवस समारोह के हिस्से के रूप में सिकंदराबाद के परेड मैदान में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करने से पहले श्री शाह ने इस अवसर पर हैदराबाद की पहली रियासत के लोगों को बधाई देते हुए 'एक्स' पर संदेश पोस्ट किया। उन्होंने कहा, हैदराबाद के सभी लोगों को हैदराबाद मुक्ति दिवस की शुभकामनाएं। यह दिन निज़ाम के दुष्ट शासन और उत्पीड़न से आजादी के लिए हैदराबाद राज्य के लोगों की अटूट देशभक्ति और निरंतर संघर्ष का प्रमाण है। आज ही के दिन 17 सितंबर 1948 को हैदराबाद की पहली रियासत का भारतीय संघ में विलय हुआ था।

### जनहित के मुद्दों को समर्पित हो संसद का विशेष सत्र : मायावती

**लखनऊ, देशबन्धु।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मायावती ने नये संसद भवन में सोमवार से शुरु हो रहे विशेष सत्र के जनहित के मुद्दों पर समर्पित होने की उम्मीद जताई है। मायावती ने रविवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा नए संसद परिसर में सोमवार से शुरू हो रहे विशेष सत्र की सभी सांसदों को हार्दिक बधाई। नया संसद भवन लोकतंत्र की मजबूती व परमपूज्य बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर के मानवतावादी संविधान के उद्देश्यों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा, ऐसी आशा।

श्रीलंका को 10 विकेट से दी शिकस्त

# भारत आठवीं बार एशिया कप चैंपियन



**कोलंबो, एजेंसी।** मोहम्मद सिराज (21 रन पर छह विकेट) और हार्दिक पंड्या (तीन रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत भारत ने रविवार को गत विजेता श्रीलंका को दस विकेट से रौंद कर आठवीं बार एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया। एशिया कप समेत एक दिवसीय क्रिकेट के इतिहास में भारत की यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारत को पांच साल के अंतराल के बाद एशिया कप की चमचमाती ट्रॉफी अपने घर लाने का मौका मिला है। इससे पहले वर्ष 2018 में भारत ने एशिया कप जीता था।

#### सिराज ने 21 रन देकर 6 विकेट झटके

#### 15.2 ओवर में सिमटी मेजबान टीम

इस ऐतिहासिक जीत का सेहरा करिश्माई गेंदबाज हैदराबाद के मोहम्मद सिराज के सिर पर बंधा, जिन्होंने अपनी लहराती गेंदों से श्रीलंका के शीर्ष क्रम को तहस नहस कर दिया और मेजबान टीम 15.2 ओवर के खेल में महज 50 रन ही बना सकी। इसके साथ ही कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सिराज सबसे तेज गति से एक दिवसीय 50 विकेट लेकर चौथे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं।

# मणिपुर में सैनिक का अपहरण, हत्या

**इम्फाल, एजेंसी।** भारतीय सेना के एक जवान का शव, जिसका शनिवार को कुछ हथियारबंद लोगों ने अपहरण कर लिया था, रविवार को इम्फाल पूर्वी जिले में मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। जवान छुट्टी पर घर आया हुआ था।

#### छुट्टी पर घर आया हुआ था जवान

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि तीन हथियारबंद लोगों ने शनिवार को बंदूक की नोक पर डिफेंस सर्विस कोर (डीएससी) के 49 वर्षीय सर्टो थांगथांग कोम का इम्फाल पश्चिम जिले के हैप्पी वैली के तारुंग स्थित उनके घर से अपहरण कर लिया। उनका गोलियों से छलनी शव रविवार को इम्फाल पूर्वी जिले के खुनिंगथेक गांव पूर्व में पाया गया। सैनिक के परिवार में पत्नी, एक बेटी और एक बेटा है। अंतिम संस्कार परिवार की इच्छा के अनुसार किया जाएगा। सेना की एक टीम शोक संतप्त परिवार को हरसंभव सहायता देने के लिए मारे गए सैनिक के घर पहुंची। भारतीय सेना ने इस कायरतापूर्ण हत्या की कड़ी निंदा की और इस कठिन समय में उनके शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ी रहेगी।

मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना को किया लांच

# कारीगरों, शिल्पकारों को मिलेगी वित्तीय मदद




**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से रविवार को भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर शुरु की गई 'पीएम विश्वकर्मा' योजना से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को वित्तीय मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री का पारंपरिक शिल्प में लगे लोगों को सहायता प्रदान करने पर निरंतर ध्यान केन्द्रित रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने आज इस योजना की शुरुआत की। यह न केवल कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक रूप से सहायता प्रदान करने बल्कि स्थानीय उत्पादों, कला और शिल्प के माध्यम से सदियों पुरानी परंपरा, संस्कृति और विविध विरासत को जीवित और समृद्ध बनाए रखने की इच्छा से भी प्रेरित है। पीएम विश्वकर्मा को 13 हजार करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ केंद्र सरकार द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित किया जाएगा। इस योजना के तहत बायोमेट्रिक आधारित पीएम विश्वकर्मा पोर्टल का उपयोग करके सामान्य सेवा केंद्रों के माध्यम से विश्वकर्माओं का नि:शुल्क पंजीकरण किया जाएगा। उन्हें पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और पहचान–पत्र, मूलभूत और उन्नत प्रशिक्षण से जुड़े कौशल उन्नयन, 15 हजार रुपए का टूलकिट प्रोत्साहन, पांच प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर एक लाख रुपये (पहली किश्त) और दो लाख रुपए (दूसरी किश्त) तक संपार्श्विक–मुक्त ऋण सहायता, डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन और विपणन सहायता के माध्यम से मान्यता प्रदान की जाएगी ।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना का शुभारंभ किया

# छोटा ही सही सबका अपना पक्का मकान हो : शिवराज

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना का शुभारंभ किया। विभिन्न आवास योजनाओं में आवास सुविधा का लाभ मिलने से छूटे परिवारों को इस योजना में आवास उपलब्ध कराया जाएगा। कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने योजना का शुभारंभ कर भोपाल की श्रीमती ममता चौहान और श्री दीपक बंसल के आवेदनों का पोर्टल पर पंजीयन कराकर योजना की पंजीयन प्रक्रिया का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 15 सितम्बर को आरंभ की गई गैस सिलेंडर रिफिलिंग योजना में श्रीमती शर्मिला बाई और संगीता सोलंकी का पंजीयन भी कराया। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेंद्र सिंह सिसौदिया, विधायक श्री विष्णु खत्री, अपर मुख्य सचिव श्री मलय श्रीवास्तव तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को जन्म दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे स्वस्थ – प्रसन्न रहकर देश का नेतृत्व करें, दुनिया को रास्ता दिखाएं और उनका यश निरंतर बढ़ता रहें, यही कामना है।

गरीब बहन-बेटियों के दुख-दर्द दूर करना सर्वोच्च प्राथमिकता



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज एक नई क्रांति का शुभारंभ हो रहा है। मेरा सपना है कि कोई भाई बहन टूटी–फूटी झोंपड़ी में न रहे। छोटा ही सही, सबका अपना पक्का मकान हो। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना बनाई गई है। जो परिवार आवास योजनाओं में छूट गए हैं, उन्हें इस योजना में आवास उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश में भ्रमण के दौरान अक्सर बहनें मकान की मांग करती थीं। गरीब बहन–बेटियों के दुख–दर्द दूर करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह वास्तविकता है कि रोटी के बाद मकान हर परिवार की सबसे बड़ी जरूरत है। गरीब परिवारों को अपना मकान उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री भू–आवास योजना भी चलाई गई। गाँव में जिनके पास रहने की जमीन नहीं है, उन्हें पट्टे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में हर गरीब के पास रहने की जमीन का टुकड़ा होगा। कई स्थानों पर माफिया से छुड़ाई गई भूमि पर गरीबों को बसाया जा रहा है। शहरों में यदि जमीन की कमी हुई तो बहुमंजिला मकान बनाकर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना बहनों के सुख और सम्मान के लिए उठाया गया बड़ा कदम है। योजना में प्रधानमंत्री आवास, आवास प्लस में शामिल नहीं हुए परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जाएगा। इस नयी आवास योजना का ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

मुख्यमंत्री ने आधी रात को की समीक्षा, बचाव कार्यों के दिए निर्देश

### साढ़े 8 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हो रही अति वर्षा से मालवा और निमाड़ अंचल के प्रभावित जिलों में स्थितियां अब सामान्य हो रही हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने गत दिवस गुना में यात्रा से लौटने के बाद देर रात डेढ़ बजे प्रभावित जिलों में स्थिति की समीक्षा की। उन्होने संबंधित कलेक्टरों को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बचाव एवं राहत कार्यों को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिये।

- जल स्तर हो रहा कम
- राहत शिविरों में बचाव कार्य जारी

इंदौर, खण्डवा, खरगोन, बड़वानी एवं बुरहानपुर जिला जिलों में अतिवृष्टि से उत्पन्न जल भराव की परिस्थितियों में स्टेट डिसास्टर इमरजेंसी रिस्पांस फोर्स द्वारा 89 बचाव कार्य संचालित कर 8718 नागरिकों और 2637 पशुधन बचाकर कर सुरक्षित स?थानों पर पहुंचाया गया है। बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत बचाव कार्य के लिए कुल 610 जवान और होमगार्ड के 801 जवानों की तैनाती की गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित इलाकों में राहत के लिए सेना और एयरफोर्स की मदद ली जाएगी। वर्तमान स्थिति में इसकी जरूरत महसूस नहीं हो रही है। संबंधित कलेक्टर्स ने आपदा दलों को प्रभावित क्षेत्रों में दायित्व सौंपा है। जहां जल भराव की स्थिति देखी जा रही वहां नागरिकों को ऊंचाई वाले स्थान पर ठहराया गया है। जिलों में अति वर्षा प्रभावित लोगों के भोजन और रहने की ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

हैदराबाद में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक संपन्न

# कांग्रेस चुनाव के लिए तैयार, बहुमत का भरोसा

- साल के अंत में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम व तेलंगाना में होने हैं चुनाव
- कांग्रेस कार्यसमिति ने 14 सूत्रीय प्रस्ताव पास किया
- राज्यों के पार्टी प्रमुखों ने अपनी तैयारियों की दी प्रस्तुति

**हैदराबाद, एजेंसी।** कांग्रेस कार्यसमिति की हैदराबाद में चल रही बैठक रविवार को खत्म हो गई। इस दौरान 14 सूत्रीय प्रस्ताव पास किया गया। इसमें भरोसा जताया गया है कि पार्टी साल के अंत में 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में बहुमत हासिल कर लेगी। साल के अंत में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना में चुनाव होने हैं। बैठक में चुनावी राज्यों के अध्यक्षों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। इसमें चुनावी रणनीति, प्रचार और तैयारियों के बारे में बताया गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि देश की जनता बदलाव चाहती है और कांग्रेस आने वाले चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है। पार्टी कानून–व्यवस्था, स्वतंत्रता, सामाजिक–आर्थिक और समानता को लेकर जनता की उम्मीदों को पूरा करेगी।



*हैदराबाद में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में मंत्रणा करते पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी।*



*कार्यसमिति की बैठक में पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से चर्चा करते हुए मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ*

कांग्रेस ने यह कहते हुए कि वह तेलंगाना में इतिहास बनाने के लिए तैयार है, कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने रविवार को लोगों से अपील की कि वे आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में 'एक स्वर्णिम तेलंगाना के सपने को पुनर्जीवित करने के लिए' पार्टी को वोट दें। यह दावा करते हुए कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने 100 दिन के भीतर अपनी गारंटी पूरी की, उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी खोखले वादे या जुमले नहीं बनाती बल्कि इतिहास बनाती है। इसमें कहा गया है, 'कांग्रेस पार्टी तेलंगाना में इतिहास रचने के लिए तैयार है।'

### ये आराम से बैठने का वक्त नहीं : खड़गे

*बैठक के दूसरे दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस नेताओं को चुनाव के लिए तैयार रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ये आराम से बैठने का समय नहीं है। दिन–रात मेहनत करनी होगी। जहां हमारी राज्य सरकारें हैं, उनके अच्छे कामों को प्रचारित करना होगा। अगले 2–3 महीनों में 5 राज्यों के चुनाव तय हैं। लोकसभा चुनाव महज 6 महीने दूर हैं। जम्मू–कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव हो सकते हैं, हमें ये भी ध्यान रखना होगा। हमें वोटर के साथ लगातार संपर्क में रहना है। उनके सवालों का जवाब देना है। विरोधियों की झूठी बातों की हमें तुरंत काट करनी है। मुद्दों और तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखनी है। सोनिया गांधी ने कांग्रेस नेताओं को मीडिया से दूर रहने की सलाह दी है। उन्होंने पार्टी के लोगों से कोई भी ऐसी टिप्पणी करने से बचने को कहा है, जिससे कांग्रेस को नुकसान पहुंचे।*

कांग्रेस ने जनसभा कर दिखाई ताकत

### तेलंगाना से सौ दिन में हटेगी बीआरएस सरकार : राहुल

**हैदराबाद, एजेंसी।** राहुल गांधी ने हैदराबाद के रंगारेड्डी में 17 सितंबर को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि100 दिन अंदर बीआरएस की सरकार यहां से हट जाए। इसे कोई नहीं रोक सकता। चाहे बीजेपी चाहे, चाहे ओवैसी की पार्टी चाहे। इसे बदल नहीं सकती। राहुल ने तेलंगाना की जनता को 6 गारंटियां दीं।

उन्होंने कहा कि राज्य में हमारी सरकार बनने पर महालक्ष्मी योजना के तहत हर महिला को 2500 रुपए हर महीने दिए जाएंगे। गैस सिलेंडर 500 रुपए में मिलेगा। साथ ही महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त सफर की व्यवस्था की जाएगी। राज्य के हर नागरिक को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। इसके साथ ही युवाओं को कॉलेज में प्रवेश के लिए एग्जाम देना पड़ता है, जिसकी तैयारी के लिए हम युवाओं को कोचिंग के लिए 5 लाख रुपए देंगे। बुजुर्गों को हर महीने 4000 रुपए की पेंशन, हर नागरिक को 10 लाख स्वास्थ्य बीमा, जिन लोगों के पास घर नहीं है, उन्हें 5 लाख रुपए की मदद। तेलंगाना राज्य की मांग के लिए लड़ने वाले लोगों को 250 स्कॉर्यर फीट का घर हमारी सरकार बनने पर मिलेगा। वहीं, किसानों को हर साल 15 हजार रुपए और मजदूरों को 12 हजार रुपए दिए जाएंगे। सोनिया गांधी ने भी संबोधन के दौरान राज्य की जनता को सरकार बनने पर यही गारंटियां पूरी करने का वादा किया। इसके अलावा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी जनसभा को संबोधित किया।

# आदर्श आचरण संहिता का अक्षरशः पालन करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग करें मीडियाः श्री सिन्हा

## निर्वाचन में मीडिया की भूमिका पर कार्यशाला संपन्न




**सागर, देशबन्धु।** निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उक्त विचार अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने संभागीय जनसंपर्क कार्यालय के द्वारा निर्वाचन में मीडिया की भूमिका विषय पर पत्रकारो के प्रशिक्षण के लिए हुई कार्यशाला में व्यक्त किये। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा, संभागीय जनसंपर्क कार्यालय के उप संचालक पीएन श्रीवास्तव, निर्वाचन आयोग के मास्टर ट्रेनर प्रो. वायपी सिंह, आर्ट्स एवं कॉमर्स कॉलेज के प्रो. अमर जैन, आनंद मंगल बोहरे, जिलों से आए पत्रकार और जिला जनसंपर्क अधिकारियों सहित सागर के मीडिया के प्रतिनिधि पत्रकार भी उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यशाला में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी मीडिया का अहम रोल होता है। मीडिया मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियों के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करता है। निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संपन्न कराने में मीडिया जैसा अन्य कोई सशक्त विकल्प नहीं है। हर कोण से मीडिया का महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ भी है। अपर कलेक्टर ने आव्हान किया कि मीडिया निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों को निभाते हुए जन जागरूकता अभियान चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग प्रदान करें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि चुनाव आयोग की मंशा के अनुरूप मीडिया भी जन जागरूकता चलाए, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़े और निष्पक्ष चुनाव कराया जा सके। मीडिया निर्वाचन से संबंधित पॉजिटिव समाचारों का प्रकाशन करें और किसी भी प्रकार की अफवाह यदि आती है तो उस पर गंभीरता से कार्य करते हुए सही समाचार जनता तक पहुंचाने का कार्य करें। हमारे मीडिया के सहयोगी, साथी मतदान केंद्र पर निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए ही कवरेज करें एवं पीठासीन अधिकारी की अनुमति के बगैर मतदान केंद्र में प्रवेश न करें। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश जिला प्रशासन, पुलिस एवं मीडिया सभी पर लागू होते है। मीडिया के हमारे सभी सहयोगी साथी कोई भी बात को व्यक्तिगत न लें और निष्पक्ष चुनाव कराने में प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करें। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय मास्टर ट्रेनर डॉ. वायपी सिंह ने पेड न्यूज, मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही एमसीएमसी टीम का कार्य प्रारंभ होता है। यह समिति भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए अपना कार्य करती है। उन्होंने पेड न्यूज, एमसीएमसी और प्री सर्टिफिकेशन पर विस्तृत प्रकाश डाला तथा मीडिया संस्थानों से चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार पालन करने की अपेक्षा की। कार्यशाला में स्वीप के मास्टर ट्रेनर डॉ. अमर कुमार जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मीडिया का अत्यंत महत्वपूर्ण रोल है। जिसके कारण ही मतदान का प्रतिशत बढ़ता है। भारतीय संविधान की यह खूबसूरती है कि देश का पहले लोकतंत्र बनाए बाद में गणतंत्र। 26 जनवरी 1950 को गणतंत्र बनने के पहले देश 25 जनवरी 1950 को लोकतंत्र बनाए क्योंकि इसी दिन भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना की गई थी। स्वीप गतिविधियों ने मतदान प्रतिशत में आशातीत बढ़ोतरी का काम किया है। निर्वाचन आयोग ने जिस प्रकार मतदाता दिवस को प्रति वर्ष मनाने का कार्य किया उसके के पश्चात मतदान के प्रतिशत में वृद्धि विधानसभा और लोकसभा, दोनों चुनावों में दर्ज की गई। विश्व में अनेक ऐसे देश रहे हैं जिन्होंने महिलाओं के मतदान को प्रतिबंधित किया था और वहां पर महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए एक लंबा संघर्ष किया, लेकिन भारत में प्रथम निर्वाचन से ही समान मतदाता नियम का पालन करते सभी को मतदान करने का अधिकार दिया गया है। अतः हमारा कर्तव्य है कि हम शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रयास करे। जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों और कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ पत्रकारों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में संभागीय जनसंपर्क कार्यालय की ओर से जिले में प्रचार कार्य देख रहे मनोज नेमा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## दो-दो हजार के ईनामी फरार दो आरोपियों को गिरिफ्तार कर भेजा जेल



**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा फरार सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु आदेश किया गया था। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना एवं अनुविभागीय अधिकारी बीना के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी बीना भरत सिंह ठाकुर के कुशल नेतृत्व में थाना बीना के अपराध क्रमांक 467/23 धारा 334(2) आबकारी एक्ट में फरार 2000-2000 रूपये के ईनामी आरोपी अविनाश उर्फ मोनू झा पिता लक्ष्मीनारायण उर्फ गुड्डा झा उम्र 35 वर्ष और सोनू लखेरा पिता राजकुमार लखेरा उम्र 23 वर्ष दोनो निवासी बिलगैया वार्ड, बीना थाना बीना को 17 सितम्बर 23 को गोरिहार जिला छतरपुर से गिरफ्तार कर न्यायालय बीना पेश किया, न्यायालय द्वारा आरोपियों को जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी नईबस्ती रामदीन सिंह, सौरभ रैकवार साइबर सेल, लोकेन्द्र सिंह यादव, मुकुल शुक्ला, यशवंत सिंह राजपूत की भूमिका रही।

## संस्कारों से समाज को बोझ नहीं अच्छे नागरिक मिलते हैं: शैलेंद्र जैन



**सागर, देशबन्धु।** रविंद्र भवन सभागार में परमेश्वरी पवार समाज के नव नियुक्त शिक्षक, वरिष्ठ समाजजन एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम में युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम को विधायक शैलेंद्र जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि मुझे लगातार 3 बार सागर शहर का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला इसी का ऋण चुकाने के लिए के लिए मैं तत्पर रहता हूं, अच्छा कार्य करने का प्रयास करता हूं और जनता अच्छे कार्यों की सराहना और उत्साहवर्धन भी करती है। कोई भी समाज तभी सफल होती हैं जब वह साक्षर होती हैं और अच्छे कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करती हैं उन्होंने अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा कि हम अपनी इच्छाएं बच्चो पर न थोपे उनकी रुचि के आधार पर चयन करने दें जिससे वह अपनी रुचि के क्षेत्र में सफल हो सकें। संस्कार जरूर दे शिक्षा के साथ संस्कार होना बहुत आवश्यक है यदि हमारी आने वाली पीढ़ी संस्कारित नही होगी तो हम समाज को अच्छे नागरिक नहीं बल्कि समाज पर बोझ देंगे। कार्यक्रम में मोहन पवार, राजा भरत पवार, वीर सिंह पवार, बाबूलाल पवार, भवानी सिंह पवार, निरंजन पवार, रूपसिंह पवार उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### अजाक्स अंशकालीन सफाई कर्मचारी प्रकोष्ठ में हुई नियुक्तियां



**सागर, देशबन्धु।** जिला अजाक्स कार्यालय में अजाक्स अंशकालीन सफाई कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार वाल्मीकि ने प्रदेश व जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। सर्वप्रथम सभी पदाधिकारियों ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए। तत्पश्चात मनीष कुमार वाल्मीकि को प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष, नरेश वाल्मीकि को प्रदेश महासचिव, सचिन करोसिया को जिला अध्यक्ष एवं सौरभ वाल्मीतकि को जिला महासचिव के पद पर नियुक्त कर, नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये व सभी पदाधिकारियों ने फूल मॉला पहनाकर, तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में गजेन्द्र बोहत जिला अध्यक्ष अजाक, मनीष वाल्मीकि, प्रकाश लाहौरिया, लखन मटरोलिया, भगोनी अहिरवार, दिनेश घारू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### स्वच्छता में नागरिकों की सहभागिता जरूरीः नपा अध्यक्ष



**मकरोनिया, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद मकरोनिया में स्वच्छता लीग का नगर पालिका अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। नपा अध्यक्ष ने अपने संबोधन के माध्यम से बताया कि स्वच्छता को व्यवहार में शामिल करने के लिए हमें स्वच्छता से जुड़ना है क्योंकि जब तक स्वच्छता से लोगों का जुड़ाव नहीं होता तब तक कोई भी अभियान सफल नहीं होता साफ सफाई में केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं अपितु हम सब नागरिकों की भी सहभागिता जरूरी है। इस अवसर पर बलवंत सिंह ठाकुर, विवेक सक्सेना, नरेंद्र सिंह ठाकुर, राजा रिछारिया मुख्य नपा अधिकारी रीता कैलासिया, नोडल अधिकारी आशीष विश्वकर्मा सहित नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भजन मंडली सम्मान समारोह सम्पन्न



**सागर, देशबन्धु।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुरुषोत्तम मुन्ना चौबे एवं युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल चौबे द्वारा बाघराज मंदिर में 20 भजन मंडलियों का सम्मान कर प्रत्येक भजन मंडली सामग्री भेंट की गयी। भजन मंडली सम्मान समारोह में चक्रेश सिंघई, गोवर्धन रैकवार, ऋषभ जैन, शरद पुरोहित, जितेंद्र चौधरी, सागर साहू सहित अनेक युवा साथी शामिल हुए।

### लोहकार समाज द्वारा विश्वकर्मा दिवस मनाया

**सागर, देशबन्धु।** रविवार को श्री विश्वकर्मा मंदिर रविशंकर वार्ड लोहकार समाज द्वारा विश्वकर्मा पूजन दिवस मनाया। सुबह 10 बजे हवन पूजन 4 बजे महा आरती की गई। तदउपरांत बलराम विश्वकर्मा द्वारा सुन्दर काण्ड किया गया। शाम 7 बजे से भजन संध्या का कार्यक्रम किया गया। जिसमें विश्वकर्मा समाज के आकाशवाणी एवं दूरदर्शन कलाकारों द्वारा किया। बालक-बालिकाओ ने नृत्य कर सभी का मनमोह लिया। सारी रात अखंड कीर्तन किया गया।

## घरवाले तुम्हें घर से निकाले, इससे पूर्व ही घर से निकलने की तैयारी कर आत्म कल्याण कर लेनाः मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** मृत्यु को मातम में नही, महोत्सव मय बनाओ, घरवाले तुम्हें घर से निकाले, इससे पूर्व ही घर से निकलने की तैयारी कर आत्म कल्याण कर लेना। रोते-रोते तड़पते हुए नहीं मरना प्रभु भक्ति करते हुए मरण को प्राप्त होना यह बात मुनि श्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में कही। मुनि श्री ने आचार्य श्री शांति सागर के समाधि दिवस के अवसर पर उनके बारे में बताते हुए कहा कि श्रवण संस्कृति परंपरा के ज्येष्ठ श्रेष्ठ सिरमौर आचार्य श्री शांति सागर है, जिन्होंने राह भी बनाई और राह पर चले भी, ऐसे समय जब मुनि तीर्थ व जंगलों में साधना करते थे, तब उन्होंने दिगंबरत्व की पहचान संसार को कराई और दक्षिण से उत्तर तक पदयात्रा की और जैन मुनि की चर्या समस्त भारत वासियों को दिखाई, बतलाई, तभी से निरापद मार्ग प्रारंभ हो गया। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा आज के दिन कुंथलगिरी महाराष्ट्र सिद्ध क्षेत्र से समाधि को प्राप्त हुए 69वां समाधि दिवस है। अनेक कार्यों से श्रवण संस्कृति को जीवंत कर दिया। आज जो भी संत हैं सब उन्हीं की कृपा प्रसाद है। 35 वर्ष के मुनि जीवन में उन्होंने दस हजार उपवास किये। तीर्थ का जीर्णोद्धार, ग्रन्थ का प्रकाशन, अनेक कष्ट उपसर्ग सहन करके संस्कृति की स्थापना करने का श्रेय चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांति सागर को जाता है। वह हमारे दादा गुरु है। प्रवचन के पूर्व आचार्य शांति सागर के चित्रअनावरण एवं दीप प्रज्वलन ट्रस्ट कमेटी उपाध्यक्ष प्रो. एसी जैन, मनोज जैन लालो, केसी जैन, श्रेयांश सेठ ने किया। विनयांजलि, पूजन एवं आचार्य श्री के जीवन वृत पर संगोष्ठी में पंडित विद्वान समाज के वरिष्ठ महिला पुरुषों ने कविता, भजन एवं संस्मरण प्रस्तुत किये।

## इंडियन लीग 2.0 के कैप्टन के नेतृत्व में किया गया फ्लैश.माब का आयोजन

**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा 15 सितंबर से 2 अक्टूबर के मध्य स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत नगर निगम द्वारा नगर को कचरा मुक्त शहर बनाने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत अटल पार्क में इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के कैप्टन रिशांक तिवारी के नेतृत्व में फ्लैश-माब का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत सामूहिक रूप से बड़ी संख्या में एकत्रित हुए युवाओं ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए रैली निकाली और स्वच्छता का संदेश दिया और सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ ली। इस अवसर पर रिशांक तिवारी ने कहा कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए हर नागरिक को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए, इसमें युवाओं की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि वे अधिक से अधिक समय दे सकते हैं, इसलिए शहर को स्वच्छ बनाने में युवा आगे आएं और शहर के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर अपने शहर को स्वच्छ बनाने में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

**क्या है फ्लैश माब**- फ्लैश माब लोगों का एक समूह है, जो किसी सार्वजनिक स्थान पर अचानक इकट्ठा होते हैं और थोड़ी समय के लिए प्रदर्शन करते हैं। इस फ्लैश माब के दौरान नगर निगम स्वच्छता समिति प्रभारी अनूप उर्मिल, सहायक आयुक्त राजेश सिंह राजपूत, सहायक यंत्री संजय तिवारी, पार्षद, सभी जोन प्रभारी सफाई दरोगा एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

## भोजनालय के ताले तोड़, नकद व सामान कीमती की चोरी

**सागर, देशबन्धु।** मकरोनिया चौराहे के पास स्थित यादव भोलनालय में बदमाश ने सेंध लगाई। चोर ताले तोड़कर अंदर घुसा और नकद व सामान लेकर भाग गया। वारदात सामने आते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे में चोर नजर आया है। जिसके आधार पर पुलिस उसकी तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार मकरोनिया थाना क्षेत्र के मकरोनिया चौराहे पर यादव भोजनालय है। रोजाना की तरह दुकान संचालक रात में दुकान बंद करके घर गए थे। इसी दौरान देर रात बदमाश दुकान पर पहुंचा। जहां उसने पहले उसने सीसीटीवी कैमरे को तोड़ा। जिसके बाद दुकान की शटर का ताला तोड़कर अंदर घुस गया। दुकान संचालक ने बताया कि चोर दुकान से नकद व सामान कीमती करीब दस हजार रुपए लेकर भागा है। इससे पहले भी दुकान में चोरी हो चुकी है। लेकिन अब तक चोर नहीं पकड़े गए हैं। वारदात की सूचना पर मकरोनिया थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। जांच के दौरान दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर कैद हुआ है। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## मटकी फोड प्रतियोगिता में ठाकुर बाबा टोली रही विजेता



**सागर, देशबन्धु।** वल्लभ नगर वार्ड में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या मे क्षेत्रवासियो ने शामिल होकर श्री कृष्ण उत्सव का आनंद लिया, 10 टीमो ने बारी-बारी से मटकी फोडने का प्रयास किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नेवीचंद जैन भाजपा नेता, जगन्नाथ गुरैया, अमित कछवाह, विक्रम सोनी ने किया गया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में ठाकुर बाबा टोली विजय रही, पुरस्कार वितरण अतिथि अर्पित पांडेय प्रदेश सह संयोजक भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा स्मृति चिन्ह एवं नगद राशि 5100 भेंट कर सम्मानित किया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता के संयोजक विवेक सोदिया, संचालन विनय सोदिया, आभार विनीस पथरोल, व्यवस्थापक सिद्धार्थ लाहोरिया, ऋतिक सोदिया, साहिल लाहोरिया, गौरव पथरोल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अमन सोदिया, गोलू करोसिया, जीनेश लाहोरिया, आदेश सोदिया, निक्की सोदिया आदि सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक युवा मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## युवा प्रेरणा संवाद एवं विधिक सहायता साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन



**केसली, देशबन्धु।** राष्ट्रभाषा हिंदी का गौरव और महत्व विषय पर युवा प्रेरणा संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर युवा उत्सव की शुरुआत प्राचार्य प्रभारी प्रो. संतोष मिश्रा के अध्यक्षता और न्यायाधीश व्यवहार केसली न्यायालय सत्यम देवलिया के मुख्य अतिथि में निःशुल्क विधिक सहायता साक्षरता अभियान का श्री गणेश हुआ किया गया। जिसमें ग्रामीण अंचलों में छोटी-छोटी बातों पर विवाद-प्रतिवाद झगड़ा एक दूसरे तुषारोपण एवं महिला संरक्षण की दिशा में सापेक्ष विधि एवं निःशुल्क कानूनी सलाह परामर्श संबंधी जानकारी दी। विद्यार्थियों को इस अवसर पर महाविद्यालय केसली परिवार ने कैंपिंग अभियान शुरू किया देश की स्वतंत्रता में राष्ट्रभाषा हिंदी के महत्व को लेकर मुंशी प्रेमचंद की पंच परमेश्वर कहानी का पठन पाठन किया गया। सत्यमेव जयते और जीवंत नैतिक मूल्य और भाषा संरक्षण की दिशा में प्रवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। विद्यार्थियों ने भी अपनी जिज्ञासा और अपनी भावनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर डॉ. संजय सिंह, डॉ. किरण सिंह ने मंच एवं आभार प्रदर्शन किया। एड. अनिरुद्ध ठाकुर, संदीप हरेले चौहान, राजेश अहिरवार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। महाविद्यालय से डॉ. साधना अवस्थी, अर्चना दुबे, रेखा तिवारी, आभा जैन, कार्यालय सहयोगी फरहत खान, देवेंद्र यादव, राकेश कार्यक्रम में विद्यार्थियों में बीए प्रथम, द्वितीय, तृतीय कक्षाओं के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में हिंदी भाषा को अंगीकृत करने पढ़ने और समझने एवं व्यवहार में प्रयोग करने की शपथ अतिथियों द्वारा बच्चों को दिलाई गई। विशेष आग्रह से अशिक्षित व्यक्तियों की मदद करने के लिए हमें साक्षरता और कानूनी परामर्श एवं सामाजिक सहभागिता से जोड़ने की अपील की गई।

## जिला पंचायत सदस्य ने चल समारोह का स्वागत किया



**मकरोनिया, देशबन्धु।** भगवान विश्वकर्मा के चल समारोह का जिला पंचायत सदस्य शारदा खटीक ने स्वागत किया। श्रीमती खटीक द्वारा भगवान विश्वकर्मा जयंती पर मां बीजासेन मंदिर रजाखेड़ी से भगवान विश्वकर्मा के चल समारोह का रजाखेड़ी चौराहे पर श्री बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति के पास स्वागत किया। श्रीमती खटीक ने अपने साथियों के साथ फूल बरसा कर चल समारोह का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में गोविन्द कल्लू पटेल, अमोल सिंह राजपूत, किशोरी लाल खटीक, संजय खटीक, राकेश खटीक, मनोज तिवारी आदि मौजूद रहे।

## जंगल में मिला महिला का शव

**सागर, देशबन्धु।** केसली थाना की टड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र के जंगल में महिला का एक दिन पुराना शव मिला है। शव पेड़ पर फंदे पर झूल रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार टड़ा क्षेत्र स्थित कल्याण बाबा जंगल के पास कुल्हा वाली पहाड़ी पर महिला का शव पेड़ पर फंदे से झूल रहा था। जंगल गए ग्रामीणों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही पुलिस टीम पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारा। शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। मृतका की उम्र 20-25 वर्ष के बीच है। वहीं शव करीब एक दिन पुराना बताया जा रहा है। टड़ा चौकी प्रभारी सुनील शर्मा ने बताया कि महिला की शिनाख्त के लिए टीम लगाई गई है। वहीं आसपास के पुलिस थानों में जानकारी भेजकर मृतका की पहचान और परिवार वालों की तलाश की जा रही है। रविवार दोपहर तक मृतका की पहचान नहीं हो सकी है।

## श्री गणेश जी की मूर्ति का निःशुल्क वितरण आज

**सागर, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान श्री गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर दि ग्रेट आफ तीनबत्ती ग्रुप के संचालक एवं सर्व ब्राह्मण समाज के ग्रामीण जिला अध्यक्ष राम अवतार पांडे के द्वारा तीन बत्ती गौर मूर्ति पर दि ग्रेट आफतीन बत्ती ग्रुप के सभी सदस्यों के साथ आज दोपहर 12 बजे से मिट्टी एवं गोबर से निर्मित भगवान श्री गणेश जी की मूर्तियों का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। ग्रुप के सभी सदस्यों ने भक्तों से भगवान श्री गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में आकर मिट्टी एवं गोबर से निर्मित निः शुल्क भगवान श्री गणेश जी की मूर्तियां प्राप्त करने की अपील की हैं।

## जी.20 सम्मेलन से जी पृथ्वी की अवधारणा को साकार रूप मिलेगाः प्रो. राजपूत




**सागर, देशबन्धु।** पूरी पृथ्वी एक परिवार है और सबका कल्याण ही ध्येय है। यह हमारी भारतीय संस्कृति की मूल भावना है। इसी मूल भाव को समाहित किये हुए जी.20 सम्मेलन भारत के लिए बहुत ही सार्थक सिद्ध हुआ है। वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः के साथ सामाजिक आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित प्रयासों की सफ्लता. दिल्ली घोषणा पत्र पर प्रसन्नता परक सहमति हमारे देश के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह विचार दिये डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने एक ऑनलाइन राष्ट्रीय वेबीनार में मुख्य अतिथि के रूप में व्याख्यान देते हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो बंशीधर पाण्डे ने कहा कि जी.20 सम्मेलन से विश्व में भारत के नेतृत्व को बड़ा स्थान मिला है। भारत एक स्थापित आर्थिक शक्ति के रूप में विश्व में पहचान बना रहा है। प्रो. प्रदीप पाण्डेय ने वेबीनार की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए स्वागत उदबोधन दिया। डॉ. दयाशंकर सिंह यादव ने वेबीनार का संचालन किया और डॉ. श्याम यादव ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का आयोजन सकलडीहा स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा किया गया। वेबीनार में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षकों शोधार्थियों विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

# पंचायत सुनाटी के कुदैल गांव का बारिश चलते आवागमन ठप्प

◆ नौगांव जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुनाटी का मामला



**नौगांव, देशबन्धु।** *नौगांव जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुनाटी का कुदैल गांव आजादी के 75 वर्षों बाद सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से महरूम है। जिसके चलते बारिश के मौसम में गांव का पहुंच मार्ग कच्चा होने के चलते गरौंली सहित नौगांव तक आवागमन बाधित होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ हम चांद पर झंडे गाड़ रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ आजादी के 75 वर्षों बाद भी मूलभूत सुविधा न मिलने से कुदैल गांव के ग्रामीण अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।*

*नौगांव जनपद के सुनाटी ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम कुदैल का आवागमन बारिश के कारण पूरी तरह ठप्प हो गया है। जहां शासन-प्रशासन डिजिटल इंडिया सहित ग्रामीण भारत के विकास की बड़ी-बड़ी डींगे हांकता है, वहीं हकीकत यह है कि आजादी का अमृत काल चलने के बाद भी सुनाटी पंचायत का ग्राम कुदैल एक पक्की सड़क के लिए आज भी तरस रहा है। बरसात के मौसम में जरा सी बारिश से ही गांव गांव का कच्चा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है। जिससे ना तो कोई वाहन गांव तक पहुंच पाता है। ग्रामीणों को गांव से गरौंली सहित पहुंच मार्ग तक तक पैदल आने में भी बहुत दिक्कताओं का सामना करना पड़ता है। एक बारिश से ही चार माह के लिए गांव का आवागमन बंद हो जाता है। चाहे कोई बीमार हो, चाहे गर्भवती महिला को अस्पताल पहुंचाना हो यहां फोर व्हीलर तो दूर पैदल चलना भी दूभर हो जाता है। ऐसे में वहां के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, ना तो बच्चे स्कूल जा पाते हैं और न तो वहीं पुरुषों को भी रोजगार आदि कार्य के लिए मजबूरी में कीचड़। भरे मार्ग से परेशान होकर आना पड़ता है। इस मामले में ग्रामीणों का कहना है कि ना तो सरपंच सेक्रेटरी सुनवाई कर रहे हैं, ना ही कोई अधिकारी चुनाव के टाइम पर नेता आकर बड़े-बड़े वादे करके चले जाते हैं। लेकिन आज तक गांव की रोड नहीं डल पाई है।*

## युवाओं ने कहा इस बार रोड नहीं तो मतदान का बहिष्कार करेंगे

*कुदैल गांव के युवाओं का कहना हैं कि शासन प्रशासन विकास को लेकर बड़ी बड़ी बातें करती हैं, लेकिन हमारा गांव विकास से कोसों दूर हैं। हमारे गांव में लगभग 120 लोगों को आबादी है जिसमें लगभग 55-60 वोटर हैं, शासन प्रशासन को हमारी चिंता नहीं है उन्हें सिर्फ हमारे वोट चाहिए। वोट के बदले हमारे गांव का विकास नहीं कराया गया है। सड़क न होने से हम लोगों को बारिश के मौसम में बड़ी परेशानी का सामना उठाना पड़ता है, इसलिए इस बार विधानसभा चुनाव में हम लोगों ने रोड नहीं तो वोट नहीं देना का ऐलान किया है, यदि चुनाव के पहले हमारे गांव की सड़क बन जाती है तो हम लोग चुनाव में भाग लेंगे, अन्यथा की स्थिति में चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे।*

### इनका कहना है

*ग्रामीणों की जो समस्याएं हैं,एसडीएम के माध्यम से उन्हें दूर कराया जाएगा।*

***संदीप जीआर,** कलेक्टर, छतरपुर*

*मामले को दिखवाते हैं, तहसीलदार,जनपद सीईओ से बात कर मामले को दिखवाते हैं, ग्रामीणों की समस्या का हल किया जाएगा।*

***बलवीर रमण,** प्रभारी एसडीएम, नौगांव*

## ग्रामीण बोले रोड़ नहीं तो वोट नहीं



**बारीगढ़, देशबन्धु।** चंदला विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत अभऊ के लोग एक फिर सड़कों पर उतरने को मजबूर हो गए और इसकी मुख्य वजह है लगातार की जा रही अभऊ, रेवना से होते हुए गौरिहार के लिए जाने को 3 किमी. एरिया में रोड की मांग।रोड न होने की स्थिति में लगभग 4-6 गांव के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य , कृषि एवं राजस्व संबंधित कार्यों के लिए अनुविभाग गौरिहार जाना पड़ता है उससे उन्हें तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**जिससे धन व समय की बर्बादी होती है :** ग्रामीणों ने बताया कि उनके द्वारा लगातार सड़क निर्माण की मांग की जा रही है बीते दिनों मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय कार्यालय गौरिहार में ज्ञापन सौंपा गया और विकास पर्व के दौरान विधायक राजेश प्रजापति को भी अवगत कराया गया लेकिन आज तक कोई व्यवस्था नहीं कि गई। न ही कोई अधिकारी व ठेकेदार यहां निरीक्षण के लिए आए इसलिए समस्त ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा बुंदल करते हुए आगामी विधानसभा चुनावों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। अब देखना है कि प्रशासन कोई कदम उठाता है या ग्रामीणों की रोड की मांग अधूरी बनी रहती है।

आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए ग्रामीणों की समस्या का समाधान न होने की स्थिति में भाजपा को नुक्सान हो सकता है ऐसे में देखने वाली बात है कि विधायक कोई पहल करते हैं या नहीं।

## सार समाचार

### सामूहिक विवाह की तैयारियों पर अग्रवाल समाज की बैठक आज

**छतरपुर, दशबन्धु।** अग्रवाल समाज द्वारा आगामी 17 दिसंबर को छतरपुर में आयोजित किए जा रहे सामूहिक विवाह एवं परिचय सम्मेलन की तैयारियों के लिए अति आवश्यक बैठक 18 सितंबर को शाम 4 बजे सरानी दरवाजा बाहर स्थित महालक्ष्मी मंदिर छतरपुर में आयोजित की गई है।

अग्रवाल समाज के जिलाध्यक्ष प्रभात अग्रवाल और नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल द्वारा बुलाई गई इस बैठक में आयोजन समिति एवं कार्यक्रम की अन्य समितियों के गठन और उनमें कार्य करने वाले अग्रबंधुओं की नियुक्तियां की जावेगी। इसके साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी।

जिलाध्यक्ष श्री अग्रवाल ने सभी अग्रबंधुओं से बैठक में आवश्यक रूप से शामिल होकर अपने सुझाव देने की अपील की है।

### महिला के लिए किया रक्तदान



**छतरपुर, देशबन्धु।** रक्तवीर सेवा दल के अमित जैन ने बताया कि अखबार में आये दिन रक्तदान की प्रेरित खबरों को देखकर पेपर वेंडर पप्पू कोरी ने ब्लड बैंक पंहुचकर जिला अस्पताल में भर्ती रक्त की कमी से जूझ रही महिला मरीज चंद्रकांति दीक्षित के लिए रक्तदान किया। उन्होंने रक्तदान करते हुए कहा कि सबको रक्तदान करते देखकर बहुत खुशी होती थी आज वह खुशी मेंभी महसूस कर रहा हूँ।

## चट्टान की चपेट में आए 2 मासूमों की मौत



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परा में रविवार को बड़ा हादसा हुआ जिसमें दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक बुरी तरह घायल हुआ है। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे ग्वालियर रेफर कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक परा गांव के पांच बच्चे गांव के पास मौजूद पहाड़ पर खेल रहे थे इसी दौरान एक चट्टान लुढ़की और चट्टान की चपेट में आने से परा निवासी राजकुमार अहिरवार के पुत्र आकाश उम्र 12 वर्ष और जमना अहिरवार के पुत्र हरिओम की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा सुरेश अहिरवार का 12 वर्षीय पुत्र लव बुरी तरह जख्मी हुआ है जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, हालत गंभीर होने के चलते उसे ग्वालियर रेफर किया गया है।

हादसे के वक्त रामदास अहिरवार का 11 वर्षीय पुत्र पवन और भागराज अहिरवार का 12 वर्षीय पुत्र अंकित भी मौके पर मौजूद था जो हादसे में बाल-बाल बच गए हैं।

## कांग्रेस की जनअक्रोश यात्रा को लेकर बैठक आज

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता संतोष तिवारी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव के नेतृत्व में जन आक्रोश यात्रा निकाल रही है। उक्त यात्रा छतरपुर में भी निकाली जाएगी जिसको लेकर आज यानि की 18 सितंबर सोमवार दोपहर 1 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष लखन लाल पटेल की अध्यक्षता में बैठक रखी गई है। बैठक में जनआक्रोश यात्रा को ऐतिहासिक और सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श होगा। कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बैठक में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

## जुआ के फड़ पर छापामारी, भाग रहे जुआरी की मौत पर किया रोड जाम



**बिजावर, देशबन्धु।** रविवार की दोपहर बिजावर के वार्ड क्रमांक 10 आदिवासी मोहल्ले में चल रहे जुए के एक फड़ पर बिजावर पुलिस के द्वारा की गई छापामार कार्यवाही से एक बड़ी दुर्घटना सामने आयी। यहां 45 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने इस मौत के लिए टीआई सुनील शर्मा और उनके एक सिपाही को हत्या का जिम्मेदार ठहराते हुए डाकखाने चौराहे पर जाम लगा दिया। लगभग तीन घंटे तक चौराहे पर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी होती रही।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बिजावर के पठान मोहल्ले में रहने वाले 45 वर्षीय हाकिम उर्फ छिद्दू खान पेशे से ठेकेदार था। बिजावर पुलिस को रविवार की दोपहर सूचना मिली कि वार्ड क्रमांक 10 आदिवासी मोहल्ले में एक जुए का फड़ चल रहा है। टीआई सुनील शर्मा के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने यहां छापा मारा तो पुलिस को यहां 8 जुआरी मिले, पुलिस के मुताबिक उसने इस कार्यवाही के दौरान दो बुजुर्गों और एक शराबी को छोड़कर 5 आरोपियों को ही हिरासत में लिया और उन पर मुकदमा कायम कर दिया। पुलिस की कहानी कहती है कि मौके पर हाकिम खान उर्फ छिद्दू मौजूद ही नहीं था जिसकी मौत हुई है। उधर हाकिम के परिजनों ने कहा कि पुलिस ने छापामार कार्यवाही कर हाकिम को जुए के फड़ से पकड़ा और उसकी छाती में कई लातें मारीं जिससे उसकी मौत हो गई। उसकी लाश घटना स्थल पर ही लगभग तीन घंटे तक पड़ी रही। परिजनों ने भी लाश को घटना स्थल न उठाकर डाकखाने पर जाम लगा दिया। इस घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंचे प्रभारी एसडीओपी वीरेन्द्र बहादुर, एसडीएम राकेश शुक्ला सहित आधा दर्जन थानों के पुलिस बल ने मोर्चा संभाला। लोगों के समझाने की कोशिश की गई लेकिन तीन घंटे बाद भी कोई हल नहीं निकला। हालांकि इस घटना के बाद जब परिजन आक्रोशित थे तो कुछ नेता भी यहां पहुंचे।

### इनका कहना है

इस मामले में पूरे घटनाक्रम की जांच कराई जा रही है। जो भी दोषी होगा उस पर कार्यवाही होगी।

**अमित सांघी,** एसपी, छतरपुर

## लवकुश नगर जिला की मांग: बाजार बंद के लिए हस्ताक्षर अभियान जारी

**लवकुश नगर, देशबन्धु।** जिला की मांग लंबे समय से होती चली जा रही है जिला की मांग को लेकर आसपास के क्षेत्र के लोग मुखर होकर लवकुश नगर जिला की मांग कर रहे हैं। भाजपा के जन आशीर्वाद यात्रा चंदला और राजनगर विधानसभा में 18, 19 सितंबर को होने जा रही है इसके पूर्व लवकुश नगर में जिला के समर्थन में बाजार बंद के लिए हस्ताक्षर अभियान कर व्यापारी वर्ग जिला का समर्थन कर रहा है। नगर में युवाओं के द्वारा एवं व्यापारी वर्ग ने स्वयं से हस्ताक्षर कर जन आशीर्वाद यात्रा में बाजार बन्द का समर्थन कर



रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि लवकुश नगर जिले से करीब 65 किलोमीटर के दायरे में है लवकुश नगर 120 किलोमीटर के दायरे में फैला हुआ है जिससे लवकुश नगर को जिला बनाना अत्यंत आवश्यक है और लवकुश नगर जिला की मांग करीब 23 वर्षों से हो रही है लवकुश नगर जिला के समर्थन में अब युवाओं के साथ व्यापारी वर्ग के साथ-साथ अन्य वर्गों सामाजिक संगठन भी इस मांग के समर्थन में खुलकर मांग कर रहे हैं, होने वाली जन आशीर्वाद यात्रा में ऐसा माना जा रहा है कि बाजार बंद कर लवकुश नगर जिला की मांग प्रमुखता से रखी जाएगी।

## अन्नपूर्णा मेला जलबिहार में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के मां अन्नपूर्णा मंदिर प्रांगण गल्लामंडी में विगत 80 वर्षों से अनवरत आयोजित होते आ रहे मेला जल बिहार महोत्सव का आयोजन इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा। श्रावण द्वादशी मां अन्नपूर्णा मेला जलबिहार समिति के तत्वावधान में होने वाले महोत्सव की तैयारियां लगातार जारी हैं। इस वर्ष के महोत्सव में होने जा रहे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केन्द्र होंगे। समिति ने कार्यक्रमों की सूची भी जारी कर दी है।

समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष पं. सौरभ तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर की धार्मिक व सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का संकल्प लेकर यह आयोजन किया जा रहा है जो 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक मां अन्नपूर्णा मंदिर प्रांगण गल्लामंडी छतरपुर में संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन कार्यक्रमों के साथ रात्रि 8 बजे से महाआरती व प्रसाद वितरण होगा और रात्रि 9 बजे से सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम होंगे। समिति के अध्यक्ष नारायण मिश्रा सहित समस्त संरक्षक व समिति के समस्त कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के धर्मप्रेमी बंधुओं से आग्रह किया है कि उक्त कार्यक्रमों में पधारकर धर्मलाभ अर्जित करें व शहर की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में समिति का सहयोग प्रदान करें।

**यह होंगे कार्यक्रम :** सौरभ तिवारी ने बताया कि 26 सितंबर को शाम 7 बजे शहर के प्राचीन मंदिरों के ठाकुर जी जलबिहार करने मां अन्नपूर्णा मंदिर गल्लामंडी से प्रतापसागर तालाब जाएंगे। अगले दिन 27 सितंबर को मेला उद्घाटन व बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, 28 सितंबर को बुंदेली लोकगीतों का आयोजन चिरइया एंड पार्टी द्वारा होगा, 29 सितंबर को मयूर नृत्य (वृंदावन के कलाकारों द्वारा), 30 सितंबर को बुंदेली लोकगीत (जयप्रकाश पटैरिया एंड पार्टी) , 1 अक्टूबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। 2 अक्टूबर को राखी आज़ाद उरई एवं नीलम विश्वकर्मा छतरपुर के बीच जबाबी कीर्तन होगा, 3 अक्टूबर को नेत्रहीन कलाकारों के ब्लाइंड स्टार म्यूजिक ग्रुप द्वारा आर्केस्ट्रा, 4 अक्टूबर को पुनः जबाबी कीर्तनों की प्रस्तुति क्रांतिमाला कानपुर एवं शशिराजकमल रायबरेली के बीच होगी। समापन अवसर पर 5 अक्टूबर को भजन संध्या के साथ विमानों की विदाई होगी।

## पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील

**नौगांव, देशबन्धु।** मंगलवार से प्रारंभ हो रहे गणेश चतुर्थी पर्व एवं आगामी दिनों में होने वाले जश्न ए ईद मिलादुन्नबी पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा दोनों समुदायों के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस थाना प्रभारी सतीश सिंह ने दोनों पर्व मिलजुलकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। पुलिस थाना परिसर में थाना प्रभारी सतीश सिंह ने आगामी दिनों में होने वाले गणेश चतुर्थी पर्व एवं जश्न ए ईद मिलादुन्नबी पर्व मनाने की व्यवस्था को लेकर शांति समिति की बैठक बुलाई गई। बैठक में गणेश चतुर्थी पर्व की तैयारी को लेकर आयोजन समिति से मूर्ति स्थापना से लेकर आरती, विसर्जन सहित इस बीच होने वाले धार्मिक आयोजनों आदि के बारे में जानकारी ली। इसके बाद जश्न ए ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों से पर्व पर निकलने वाले जुलूस के रूट मार्ग आदि की जानकारी ली। इसके बाद थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बैठक में उपस्थित नगर पालिका के अधिकारियों को गणेश चतुर्थी पंडाल के आसपास सहित जश्न ए ईद मिलादुन्नबी के रूट मार्ग की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने, पानी सहित व्यवस्था सही करने के निर्देश दिए तो वहीं। विधुत विभाग के कर्मचारियों को विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से रखने एवं कर्मचारियों को अलर्ट रहने को कहा। साथ ही गणेश विसर्जन के स्थानों को निश्चित कर पुलिस,प्रशासन एवं गोताखोर को लगाने के बारे में बताया। तो वहीं थाना प्रभारी सतीश सिंह ने दोनों पर्वों के दौरान अवैध हथियारों का प्रदर्शन सहित समाज में द्वेष भावना फैलाने वाले नारों से बचने को सलाह दी गई। बैठक में बीएमओ डॉक्टर रविंद्र पटेल, उपयंत्री आलोक जायसवाल, सफाई दरोगा संतोष तिवारी, बिजली विभाग के कर्मचारी पंकज नायक, रज्जू साहू, बब्बू राइन, मानवेंद्र सिंह मानू, आशू मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## किसान पर भालू ने किया हमला

**छतरपुर, देशबन्धु।** बिजावर इलाके के शाहगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टिकरी में एक किसान के ऊपर भालू ने हमला कर दिया, जिससे किसान बुरी तरह घायल हुआ है। गनीमत रही कि घटना के वक्त किसान के हाथ में कुल्हाड़ी थी जिससे उसने जल्द ही अपना बचाव कर लिया अन्यथा उसकी जान भी जा सकती थी। टिकरी निवासी जगदीश ने बताया कि हल्कू यादव उम्र 50 वर्ष गांव के पास ही जंगल की ओर गया था और कुछ समय बात खून से लथपथ अवस्था में वह उसे मिला। पूछने पर उसने भालू द्वारा हमला किए जाने की बात बताई। इसके बाद हल्कू को बिजावर के अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने हल्कू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल जिला अस्पताल में हल्कू यादव का इलाज जारी है।



## इंडियन स्वच्छता लीग के तहत निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

***खजुराहो, देशबन्धु।*** *नगर परिषद खजुराहो के द्वारा आज खजुराहो के चिल्ड्रन पार्क से इंडियन स्वच्छता लीग के तहत स्वच्छता जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया जिसमें खजुराहो नगर के टूरिस्ट ट्रेड से जुड़े हुए लोग, विभिन्न होटलों के कर्मचारी, स्कूलों के बच्चे तथा सामाजिक संस्थाओं सहित नगर के गणमान्य जन एवं शासकीय विभागों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने सम्मिलित होकर रैली को सफल बनाया।*



*रैली का शुभारंभ चिल्ड्रन पार्क से हुआ जहां से गांधी चौराहा, बस्ती चौराहा से मुख्य बाजार होते हुए पश्चिमी मंदिर समूह के अंदर एवं मतंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे तत्पश्चात चिल्ड्रन पार्क पहुंचकर रैली का समापन हुआ, रैली में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री अरविंद पटेरिया, नगर परिषद खजुराहो के अध्यक्ष अरुण कुमार (पप्पू) अवस्थी, सीएमओ बसंत चतुर्वेदी तथा स्वच्छता अभियान मिशन से जुड़े पंडित सुधीर शर्मा, अविनाश तिवारी एवं देवेंद्र चतुर्वेदी के अलावा पार्षद गौरव सिंह बघेल, घनश्याम अनुरागी, राजकुमारी दुबे, चिरैया अहिरवार, दुर्गा पटेल के अलावा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, मध्य प्रदेश टूरिज्म, होटल चंदेला, होटल रेडिसन, होटल रमाडा, होटल ललित, सायना होटल, गौतम रिजॉर्ट, होटल क्लार्क, होटल एक.एस सहित विभिन्न होटलो के कर्मचारी महिला बाल विकास विभाग से रजनी शुक्ला एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिका एवं आधार संस्था से मैंहरूम सिद्धकी एवं सपना शुक्ला तथा उनकी टीम सम्मिलित रही।*

*आज के कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा जिला महामंत्री अरविंद पटेरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने खजुराहो को अगर नंबर एक बनाना है तो नगर परिषद का सहयोग करते हुए सभी को साथ देना होगा एवं स्वच्छता के इस अभियान को अनवरत जारी रखते हुए क्लीन खजुराहो, ग्रीन खजुराहो के नारे को साकार करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मिशन एवं खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा जी के प्रयासों को आगे बढ़ाना है और खजुराहो को साफ स्वच्छ रखकर आने वाले पर्यटकों को एक अच्छा माहौल प्रदान करना हम सब का उद्देश्य होना चाहिए।*

*वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रैली के साथ इंद्रजीत दीक्षित एवं उनकी टीम के द्वारा दिवाली नृत्य, तथा घनश्याम कुशवाहा व साथियों के द्वारा कछियाई नृत्य की प्रस्तुति हुई तो वही सैक्रट हार्ट कॉन्वेंट स्कूल से आयुष तिवारी, सुभी खरे एवं रिंकू सेन की टीम ने भी शानदार प्रस्तुतियां प्रदान की।*

*रैली के समापन में चिल्ड्रन पार्क में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया, आए हुए सभी लोगों का पार्षद गौरव सिंह बघेल ने आभार व्यक्त किया तो वही कार्यक्रम का सफल संचालन पत्रकार राजीव शुक्ला द्वारा किया गया ।*

सागर, सोमवार 18 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# जन्मदिन का जश्न और परेशान जनता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार 17 सितम्बर को अपना 73 वां जन्मदिन बनाया। उनके पिछले जन्मदिन पर अफ्रीका से लाए गए 8 चीते मध्यप्रदेश के कूनो में छोड़े गए थे। हरेक चीते को लाने में 3 हजार डॉलर का खर्च आया। बाद में दूसरी खेप में भी चीते आए, लेकिन साल भर के भीतर एक के बाद एक चीतों की मौत पर अब चिंता का आलम है। भारत में विलुप्त हो चुके चीतों को लाने की योजना बरसों से बनी हुई है और उस पर अब अमल किया गया। हो सकता है इस फैसले को पूरी तरह से जांचा-परखा नहीं गया, तभी तो शायद चीतों को जिंदा रहने के लिए अनुकूल वातावरण नहीं मिला। चीते अगर 17 सितंबर की जगह किसी और तारीख को भी आते, तब भी उनका यही अंजाम होता। मगर प्रधानमंत्री इस मौके को अपने जन्मदिन पर भुनाने का मोह संवरण नहीं कर सके। उन्हें हर हाल में प्रचार चाहिए, फिर चाहे वो चीतों से हो या कन्वेंशन सेंटर के उद्घाटन से। दरअसल इस साल प्रधानमंत्री ने 17 सितंबर को दिल्ली के द्वारका में बने यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर का उद्घाटन किया। बताया जा रहा है कि इस सेंटर में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की मीटिंग, कांफ्रेंस, ट्रेड शो आदि के आयोजन के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने 30 हजार करोड़ की विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की। बताया जा रहा है कि इससे पारंपरिक शिल्प और कारीगरी से जुड़े 30 लाख परिवारों को मदद मिलेगी। साथ ही श्री मोदी ने एक नए मेट्रो स्टेशन का भी उद्घाटन किया। दिल्ली मेट्रो में सफर करते हुए आम यात्रियों के साथ उनकी सेल्फी वाली कई तस्वीरें भी सामने आई हैं।

इससे पहले दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के लिए भी प्रधानमंत्री ने अचानक मेट्रो से सफर किया था। खाली स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ियों से अकेले उतरते श्री मोदी की तस्वीरें बहुत से लोगों को याद होंगी। अगले साल चुनाव होने वाले हैं और पिछले 9 सालों में चाय वाला, गरीब का बेटा और फकीर की चक्की खूब पीसी गई है, अब उससे और ज्यादा हासिल नहीं किया जा सकता, इसलिए खुद को आम आदमी जैसा दिखाने या बताने के लिए शायद प्रधानमंत्री अपनी महंगी गाड़ी की जगह मेट्रो में कभी-कभार दिखाई दे रहे हैं। ये शायद राहुल गांधी से मिल रही अघोषित चुनौती का असर भी हो सकता है। क्योंकि राहुल गांधी पिछले दिनों आम लोगों के बीच उन्हीं की तरह सवारी करते हुए पहुंच रहे हैं। भाजपा समर्थक अगर मोदी को महानायक बताने में लगे हैं तो राहुल गांधी के लिए जननायक जैसी पदवी गढ़ी जा चुकी है। लोकतंत्र के लिए जननायक की ही जरूरत होती है, महानायक की नहीं। बहरहाल, श्री मोदी प्रधानमंत्री हैं, तो उनके लिए यह सुरक्षा कारणों से संभव नहीं है कि वे ट्रक में या किसी स्कूटी के पीछे बिठाई दें। वैसे भी उन्हें विरोध से कितना डर लगता है इसका नमूना पिछले पंजाब चुनाव में दिख ही गया था, जब वे जरा से विरोध के कारण अपनी रैली रद्द करवा कर वापस लौट गए थे और साथ में संदेश दे दिया था कि मैं जिंदा लौट आया।

श्री मोदी के जन्मदिन पर उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना की जा रही है। ऐसी ही कामनाएं उन सैनिकों के परिजन भी करते होंगे जो सीमा पर तैनात होकर देश की रक्षा कर रहे हैं। ऐसे ही तीन अधिकारी अभी जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए। इधर अधिकारियों की शहादत हुई, उधर भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री पर फूलों की बरसात कर इस बात के लिए उनका सत्कार किया गया कि उन्होंने जी-20 की सफल मेजबानी की। बड़ा नेता यानी महानायक तो वो होता है, जो ऐसे टीम वर्क का श्रेय खुद न लेकर अपने साथियों और छोटे से छोटे कर्मचारियों को दे। भाजपा अगर उनका स्वागत करती, तो कोई सवाल नहीं उठते। लेकिन अधिकारियों की शहादत के मौके पर प्रधानमंत्री ने अपना स्वागत करवाया तो उन पर संवेदनहीन होने का आरोप लगा। ये आरोप भी मिट जाता, लेकिन फिर अगले ही दिन मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री ने फिर बड़े तामझाम के साथ सरकारी योजनाओं का उद्घाटन किया। उत्सवों का यह सिलसिला अब रोका जा सकता था, लेकिन रविवार को फिर करोड़ों का खर्च करके उद्घाटन जैसे कार्यक्रम हुए और प्रधानमंत्री सहर्ष इसमें शामिल हुए। वे चाहते तो कह सकते थे कि अभी हमारी माटी फिर शहीदों के खून से लाल हुई है, इसके दाग अभी छूटे नहीं हैं, इसलिए मैं अपना जन्मदिन नहीं मनाऊंगा। लेकिन श्री मोदी फिर चूक गए। उन्होंने शहीदों की याद में ही अपनी माटी, अपना देश कार्यक्रम पिछले महीने शुरु किया और इतनी जल्दी उस कार्यक्रम पर मिट्टी डाल दी।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन से दो दिन पहले हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का जन्मदिन था, जिस पर उन्होंने साफ कह दिया था कि वे शहीदों की याद में कोई जश्न नहीं करेंगे, सादगी से जन्मदिन मनाएंगे। किसान आंदोलन के वक्त 3 जनवरी 2021 को दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी अपने जन्मदिन का जश्न रद्द किया था कि किसान कड़कती ठंड में खुले आसमान के नीचे बैठे हैं, शहीद हो रहे हैं, तो मैं जन्मदिन कैसे मनाऊं। गलवान में भारतीय सैनिकों की शहादत के बाद राहुल गांधी ने भी अपना जन्मदिन नहीं मनाया था। ऐसी अनेक मिसालें देखी जा सकती हैं। लेकिन श्री मोदी आत्ममुग्धता और प्रचार की नयी मिसालें गढ़ने में लगे हुए हैं।

जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए मेजर आशीष धौंचक के परिजनों ने सरकार से सेना के लिए बुलेटप्रुफ वर्दी की मांग की है, क्योंकि दो गोलियां लगने के बावजूद आतंकियों से भिड़ने वाले मेजर धौंचक की मौत इसलिए हुई, क्योंकि उनके पास बुलेटप्रुफ वर्दी नहीं थी। क्यों नहीं थी, इसका कारण सरकार और सेना ही बता सकती है। अगर वित्तीय समस्या के कारण हमारे सैनिक कम संसाधनों के साथ मोर्चे पर तैनात हैं, तो फिर सवाल उठता है कि सरकार की प्राथमिकता क्या है, विश्व स्तरीय सम्मेलन कक्ष या फिर सैनिकों के लिए बुलेट प्रुफ वर्दी। एक खबर और आई है कि इसरो के चंद्रयान अभियान के लिए लॉंच पैड बनाने वाले 2,800 कर्मचारियों को बीते 18 महीने से वेतन नहीं मिला है। रांची के धुर्वा स्थित हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) के अधिकतर कर्मचारी वेतन न मिलने से फाकाकशी को मजबूर हो चुके हैं। बीबीसी की खबर है कि कर्ज में डूबे कई कर्मचारी चाय या इडली बेचकर अपना गुजारा कर रहे हैं। एचईसी केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम है, और भारी कर्ज में है। पिछले पांच सालों से लगातार घाटे में है। लेकिन सरकार को न घाटे की परवाह है, न आर्थिक दिक्कतें झेल रहे कर्मचारियों की।

प्रधानमंत्री अगर अपने जन्मदिन पर देश के परेशान लोगों की सुध लेते, तो शायद इससे सही संदेश जनता में जाता।

# विपक्षी एकता को बचाना बड़ी चुनौती

इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव कांग्रेस का भविष्य तय करेंगे। पांच राज्यों में चुनाव हैं। और कांग्रेस इन पांचों राज्यों में चुनाव जीतने की मुख्य दावेदार है। तीन राज्यों में तो उसका सीधा मुकाबला भाजपा से है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में और तेलंगाना में वहां मौजूद केसीआर की सरकार से। पांचवे राज्य मिजोरम में क्षेत्रीय दल प्रभावी हैं। और राष्ट्रीय पार्टी के तौर पर कांग्रेस। मगर भाजपा ने पूरे उत्तर पूर्व में क्षेत्रीय दलों और कांग्रेस को भी तोड़कर अपनी सरकारें बना रखी हैं। पहाड़ी राज्यों के पास अपने आर्थिक रिसोर्सेस बहुत कम होते हैं। इसलिए वह केन्द्र पर बहुत निर्भर रहती है। केन्द्र में जिसकी सरकार होती है उत्तर पूर्व के राज्य और जम्मू-कश्मीर, उस पार्टी से मिलकर ही चलते हैं। फारुख अब्दुल्ला ने एक बार कहा था कि केन्द्र में अगर शैतान की सरकार भी हो तो हमें उसके साथ मिलकर चलना पड़ेगा।

खैर तो यह विधानसभा चुनाव बताएंगे कि कांग्रेस इसके बाद मजबूत होती है या कमजोर। अगर वह कमजोर हो गई तो इंडिया गठबंधन में भी उसकी हैसियत कमजोर हो जाएगी। यह नहीं कहा जा सकता कि कांग्रेस के कमजोर होने से विपक्षी दलों का इन्डिया गठबंधन कमजोर होगा। इन्डिया गठबंधन प्रधानमंत्री मोदी से लड़ने का भरोसा दे रहा है। जब तक वह मोदी जी के खिलाफ मुखर रहेगा अपनी ताकत को बरकरार रखेगा। देश में अब राजनीति साफ तौर पर मोदी समर्थक और मोदी विरोधियों के बीच बंट गई है। इसमें न कांग्रेस न कोई और विपक्षी दल और न ही सत्तारुढ़ भाजपा किसी का कोई बड़ा असर नहीं बचा है।

अगले लोकसभा चुनाव में सीधी लड़ाई है मोदी बनाम मोदी विरोधी। तो इसलिए विधानसभाओं में कांग्रेस के अच्छा प्रदर्शन न कर पाने से कांग्रेस जरूर कमजोर होगी मगर इन्डिया नहीं। लेकिन हां! कांग्रेस के कमजोर होने से विपक्षी दलों के बीच उसकी स्थिति जरूर कमजोर हो जाएगी।

आज भी विपक्षी दलों में कांग्रेस से ज्यादा राहुल गांधी की स्वीकृति और प्रभाव है। कांग्रेस को लेकर विपक्षी दलों में बहुत सारे संशय और सवाल हैं। मगर राहुल को लेकर सबमें एक आश्वस्ति का भाव है कि वे जो कहते हैं करते हैं। राजनीति का उपयोग अपने ही लोगों को काटने छांटने में नहीं करते। अगर कांग्रेस के क्षत्रपों ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ का चुनाव खुद को केन्द्र में रखकर लड़ा तो उनके लिए चुनाव मुश्किल हो जाएगा। तीनों राज्यों के स्थानीय नेताओं कमलनाथ, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल को याद रखना चाहिए कि 2018 का चुनाव राहुल गांधी जो उस समय कांग्रेस अध्यक्ष थे कि मेहनत ने उन्हें जिताया था। और उसी राहुल गांधी को कांग्रेसियों ने क्या रिटर्न गिफ्ट दिया? 2019 में उन्हें इस्तीफा देने पर मजबूर कर दिया।

बहरहाल वह अलग विषय है। और कांग्रेसी जिस पर बात करना बिल्कुल पसंद नहीं करते हैं। वे तो राहुल का सिर्फ उपयोग करते हैं। और नुकसान हो जाने हार पर बड़ी आसानी से उन पर दोष मढ़ देते हैं। लेकिन इन्डिया के नेता ऐसा नहीं समझते। वे राहुल को असेट (वरदान) मानते हैं। अभी तक इन्डिया की तीन मीटिंगें हुई। पटना, बेगलुरू और मुबंई। तीनों में हीरो राहुल ही रहे। विपक्ष का हर नेता उनसे बात करना चाहता था। और समझ रहा था कि लोकसभा चुनाव में अगर बाजी पलटने की ताकत किसी में है तो वह हमारे साथ मिलकर राहुल गांधी में है।

अगले लोकसभा चुनाव पर समझने से पहले 2014 और 2019 के नतीजे हमेशा याद कर लेना चाहिए। कांग्रेस बहुत बुरी तरह हारी है। तो अब अगर उम्मीद है तो इसलिए कि विपक्ष एक है। और वह राहुल पर पूरी तरह भरोसा कर रहा है। मोदी जी आज जिस तरह भाजपा से भी बड़ी ताकत बन गए हैं और पार्टी से बाहर जाकर भी उन्होंने अपने भक्तों का एक बड़ा समूह तैयार कर लिया है उससे अगर कोई मुकाबला कर सकता है तो वह राहुल की हिम्मत ही है। मगर राहुल को उसके लिए एकजुट विपक्ष चाहिए। जो आज बन गया है। इसलिए 2024 की लड़ाई तो मजेदार होगी। बस देखना यह है कि उसमें कांग्रेस आज की तारीख से ज्यादा मजबूत होकर खड़ी होगी या कमजोर होकर।

विधासनसभा चुनावों के ओपिनियन पोल आने लगे हैं। देशबन्धु के सहयोगी चैनल डीबी लाइव ने तीनों राज्यों छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश के बहुत हकीकत के करीब के संभावित नतीजे बताए हैं। तीनों जगह कड़ा मुकाबला है। अब तक कांग्रेस यह समझ रही थी कि तीनों राज्यों में वह आसानी से सरकार बना लेगी। मगर डीबी लाइव का ओपीनियन पोल कांग्रेस के लिए एक बड़ा अलार्म है। जाग जाने के लिए। तीनों राज्यों के नेता अपने अपने राज्यों में बीजेपी की हालत खराब समझ रहे थे। मगर ओपिनियन पोल ने बताया कि हर जगह वह कड़े मुकाबले में है। और खरगोश की तरह जीत के विश्वास में कांग्रेस सो रही है। और कछुआ लगातार अपनी चाल से चला जा रहा है।

कांग्रेस के नेता किस तरह खुद को सर्वेसर्वा मान रहे हैं इसका एक उदाहरण। इन्डिया गठबंधन ने अपनी पहली कोआर्डिनेशन मीटिंग में एक बड़ा फैसला किया। पहली जनसभा का स्थान तय कर लिया गया। मुंबई की तीसरी बैठक में जो बड़े फैसले हुए थे उनमें था देश भर में चार-पांच जगह इन्डिया की बड़ी जनसभाएं करना। पहली जनसभा भोपाल को मिली। यह बड़ी बात थी। शिवराज सिंह चौहान हिल गए थे। मगर खुद कमलनाथ ने ही वह सभा रद्द कर दी। मुख्यमंत्री शिवराज अचानक हमलावर हो गए। कहने लगे कि हमसे डर कर मीटिंग कैंसिल की है। मीटिंग का फैसला इन्डिया की मीटिंग में हुआ था। रद्द करने का भी उसी को बताना चाहिए था। कारण सहित।

अब अगर मध्य प्रदेश कांग्रेस ने मना कर दिया तो क्या राजस्थान और छत्तीसगढ़ कांग्रेस करवाएंगी। अगर करवाती हैं तो यह मध्य प्रदेश कांग्रेस के लिए बड़ा गलत संदेश जाएगा। और अगर यह दोनों भी नहीं करवाती हैं तो देश भर में गलत संदेश जाएगा कि विपक्षी दलों के गठबंधन इन्डिया की कोई पूछ ही नहीं है। क्या जब भोपाल का नाम तय किया था तो वहां मध्य प्रदेश कांग्रेस से नहीं पूछा था? और क्या जब कमलनाथ ने कैंसिल करने का अचानक ऐलान किया तो उससे पहले इन्डिया के दलों को विश्वास में लिया गया था?

अभी नीतीश कुमार जिनके ही प्रयासों से यह विपक्षी एकता हुई है कह रहे हैं कि 14 एंकरों के बायकाट का उन्हें पता ही नहीं! ऐसा क्यों? बड़े फैसलों से पहले सबको विश्वास में लेना चाहिए।

यह विपक्षी एकता बड़ी मुश्किल से बनी है। और यही एक मात्र चीज है जो मोदी जी को ठीक से चैलेंज कर सकती है। इसे अतिरिक्त मेहनत करके बचाना पड़ेगा। मोदी सरकार और मीडिया पूरी ताकत लगाए हुए हैं इसे तोड़ने को। तमाम अफवाहें रोज फैलाई जा रही हैं। मगर अभी सब एक हैं तो केवल इस आधार पर कि अगर मोदी तीसरी बार भी आ गए तो फिर कोई नहीं बचेगा। न विपक्षी दल न लोकतंत्र। तो जब तक यह डर है विपक्ष एक रहेगा।

मगर याद रखना चाहिए कि मोदी जी आखिरी-आखिरी तक विपक्ष को तोड़ने की कोशिश जारी रखेंगे। जब ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, जेल से काम नहीं चलेगा तो फिर लालच और सुरक्षा की गारंटी भी दी जाएगी। कोई हरबा छोड़ा नहीं जाएगा।

विपक्ष की सावधानी में ही उसकी सुरक्षा है। कोई भी नेता खुद को विपक्षी एकता से बड़ा समझने की कोशिश नहीं करे। यह क्षत्रपों की लड़ाई नहीं है। विकट योद्धाओं की है। करो या मरो वाली। भाजपा के सारे नेता मोदी जी के पीछे लामबंद हो गए हैं। ऐसे ही विपक्षी नेताओं को अपने इन्डिया गठबंधन के साथ तनकर खड़े हो जाना चाहिए।



शकील अख्तर

**आज भी विपक्षी दलों में कांग्रेस से ज्यादा राहुल गांधी की स्वीकृति और प्रभाव है। कांग्रेस को लेकर विपक्षी दलों में बहुत सारे संशय और सवाल हैं। मगर राहुल को लेकर सबमें एक आश्वस्ति का भाव है कि वे जो कहते हैं करते हैं। राजनीति का उपयोग अपने ही लोगों को काटने छांटने में नहीं करते। अगर कांग्रेस के क्षत्रपों ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ का चुनाव खुद को केन्द्र में रखकर लड़ा तो उनके लिए चुनाव मुश्किल हो जाएगा।**

# नफ़रत के खिलाफ असहयोग आंदोलन

■ मोहित कुमार पांडेय

हाल ही में इंडिया गठबंधन ने मीडिया के कुछ एंकरों की एक लिस्ट जारी करते हुए कहा कि वे अमुक एंकरों के कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं लेंगे। हालांकि इंडिया गठबंधन द्वारा जारी वक्तव्य में उनका मंतव्य बहुत स्पष्ट नहीं था, लेकिन बाद में उनकी तरफ से आए बयानों से ये साफ हुआ कि इंडिया गठबंधन की पार्टियों के प्रवक्ता इन एंकरों द्वारा चलाई जा रही नफरती बहसों का हिस्सा नहीं बनेंगे। गौर करने वाली बात यह है कि इंडिया गठबंधन के वक्तव्य में न तो चैनलों के बहिष्कार की बात थी और न ही उनके कार्यक्रमों पर रोक लगाए जाने की बात। इंडिया गठबंधन ने नफरती टीवी कार्यक्रमों के साथ असहयोग करने की उस बात को अपने वक्तव्य में शामिल किया, जिसे जनता, बुद्धिजीवियों व पत्रकारों का एक हिस्सा काफी दिनों से कह रहा है। ये पहली दफा नहीं है कि नफरत फैलाने वाले टीवी कार्यक्रमों के खिलाफ आवाज उठी है। हम जमीन से आने वाली मीडिया बाइटों, ढेर सारे आंकड़ों में ये बात देखते रहते हैं कि नफरत के कंटेंट से ऊब व जनता के मूल मुद्दे नदारद होने के चलते कई लोगों ने कहा है कि उन्होंने टीवी देखना छोड़ दिया है। ध्यान देने वाली बात यह है कि जब हम मीडिया को लोकतंत्र का चौथा खंभा कहते हैं, तो बाकी खम्भों की तरह उसे भी परखने व उसकी गलतियों को उजागर करने की जिम्मेदारी जनता से जुड़ी संस्थाओं व स्वयं जनता की होती है। चैनलों के न्यूजरूम में होने वाली बहसों, बहसों को फ्रेम करने के तरीकों, बहसों के ग्राफ़िकों व बहसों के दौरान होने वाली जूतम-पैजार से असहमति दिखाने का अधिकार भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार में आता है। समय-समय पर भारत के न्यायालयों ने अपने आदेशों या टिप्पणियों में भी ये कहा है कि अगर आप किसी कंटेंट से सहमत नहीं हैं तो आप उसे मत देखिए।

इंडिया एक राजनीतिक पार्टियों का गठबंधन है, जिसे अंतत: वोट मांगने के लिए जनता के बीच में जाना होता है। अगर कल को इन पार्टियों के नेताओं से जनता की ओर से ये सवाल पूछा गया कि आप उन बहसों का हिस्सा क्यों बनते हैं जिनसे रोजगार, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य के मुद्दे गायब हैं और जिनमें केवल नफरत को परोसा जाता है, तो इन नेताओं को जनता के बीच जवाब तो देना पड़ेगा।

इस मुद्दे पर कई पत्रकारों, इन 14 एंकरों व कई अन्य लोगों की तरफ से बहस छेड़ी गई कि ये प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला है। सत्ताधारी दल भाजपा ने तो इसकी तुलना 'आपतकाल' से तक कर डाली। लेकिन गौरतलब है कि किसी ने ये तर्क नहीं दिया कि इंडिया गठबंधन का ये फ़ैसला क्या किसी पत्रकार की आवाज दबा रहा है? क्या इस फैसले ने इन पत्रकारों की आवाज को नियंत्रित करने का प्रयास किया है? इंडिया गठबंधन ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के एक मजबूत हथियार 'असहयोग' को अपनाते हुए जनता की भावना को अपने प्लेटफ़ॉर्म से रखा है और कहा है कि वे अब नफरत के तले आम जनता के मुद्दों को दबाने वाले संचार मॉडल का हिस्सा नहीं बनेंगे।

नफरत का संचार मॉडल वैश्विक पटल पर एक स्थापित मॉडल है। 'रवांडा रेडियो' जैसे संचार मॉडलों के उदाहरणों से पता चलता है कि कैसे मीडिया की ऑडीओ विजुअल तकनीक का प्रयोग कर समाज में व्यापक स्तर पर नफ़रत के बीज बोए जाते हैं। न्यूजलौंड्री की एक रिपोर्ट ने पिछले साल इन 14 एंकरों में से कुछ एंकरों के कार्यक्रमों का अध्ययन किया। इस लिस्ट में मौजूद पूर्व में डीएनए नाम से कार्यक्रम करने वाले एक एंकर ने कुल 73 में से 28 बहसें साम्प्रदायिक मुद्दों पर कीं, जबकि महंगाई पर मात्र 2 व रोज़गार के मुद्दे पर 0 बहसें की। उसी तरह से एक अन्य एंकर ने 'सवाल पब्लिक का' नाम से आने वाले कार्यक्रम में 68 में से साम्प्रदायिक मुद्दों पर 29 बहसें कीं और रोज़गार व महंगाई के मुद्दे पर 0 बहसें कीं। एक अन्य एंकर, जिन्होंने इंडिया समूह के इस एक्शन को प्रेस पर हमला बताया, उन्होंने 'आर-पार' के नाम से आने वाले अपने कार्यक्रम में 68 बहसों में से 43 बहसें साम्प्रदायिक मुद्दों पर कीं और रोज़गार व महंगाई के मुद्दे पर 0 बहसें कीं।

**नफरत का संचार मॉडल वैश्विक पटल पर एक स्थापित मॉडल है। 'रवांडा रेडियो' जैसे संचार मॉडलों के उदाहरणों से पता चलता है कि कैसे मीडिया की ऑडीओ विजुअल तकनीक का प्रयोग कर समाज में व्यापक स्तर पर नफ़रत के बीज बोए जाते हैं। न्यूजलौंड्री की एक रिपोर्ट ने पिछले साल इन 14 एंकरों में से कुछ एंकरों के कार्यक्रमों का अध्ययन किया। इस लिस्ट में मौजूद पूर्व में डीएनए नाम से कार्यक्रम करने वाले एक एंकर ने कुल 73 में से 28 बहसें साम्प्रदायिक मुद्दों पर कीं, जबकि महंगाई पर मात्र 2 व रोज़गार के मुद्दे पर 0 बहसें की।**

ग़ौरतलब है कि ये आंकड़े टीवी मीडिया में लहलहाती हुई नफरत की फसल के तले आम जनता के मुद्दों को रौंदने की हकीकत को दर्शाते हैं। मीडिया की एजेंडा सेट करने की ताकत की वजह से समाज में मीडिया की भूमिका बहुत अहम है। तब ऐसे में से नफरत की फसल बोने वाली मीडिया के साथ असहयोग करना मीडिया की स्वतंत्रता पर हमला तो कतई नहीं है। आखिरकार ये भी जनता के बीच से उठी आवाज है। विपक्षी दलों ने जनता की आवाज का सम्मान करते हुए नफ़रत को पोषण देने वाले कार्यक्रमों से असहयोग का कदम उठाया है। ग़ौरतलब है कि ठीक इसके उलट सरकार की तरफ से कई मर्तबा टीवी कार्यक्रमों को हटवाया गया है, खबरों को डिलीट करवाया गया है और सरकार के खिलाफ रिपोर्ट करने वाले पत्रकारों को चिन्हित करने जैसे कदम उठाए गए हैं।

अपने इस फैसले से विपक्षी गठबंधन ने सत्ता के निरंकुश बल का इस्तेमाल नहीं किया है, बल्कि अपने नैतिक बल का इस्तेमाल करते हुए कहा है कि 'हम आपकी नफ़रत की मशीनरी का हिस्सा नहीं बनना चाहते।' शायद ये मीडिया के नैतिक मूल्यों को वापस पाने की कवायद में एक बड़ा कदम साबित हो। मीडिया संस्थाओं को इस कदम को एक आईने की तरह लेना चाहिए और दिखाना चाहिए कि जनता के मुद्दे अभी भी उसके केंद्र में हैं। मीडिया की नफरती मशीनरी के खिलाफ नैतिकता से भरा ये असहयोग आंदोलन शायद फिर से जनता के मुद्दों को मीडिया बहसों के केंद्र में लाए।

(लेखकर संचार विशेषज्ञ है)

## गुरवाणी विचार

# अव्वल अलाहि नूर उपाइआ कुदरत के सब बंदे

गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश दिवस भादो सुदी इक सन् 1604 को हरिमंदर साहिब अमृतसर में किया गया था और इसका पहला मुख्य ग्रंथी गुरुघर के अनन्य भक्त बाबा बुड्ढा जी को बनाया गया था। प्रकाश करने के बाद जो हुक्मनामा प्राप्त हुआ वह था-

संता के कारज आप खलोदया हरि कम करावन आया राम। गुरु ग्रंथ साहिब की संपादना पांचवे नानक गुरु अर्जुन देव जी ने की थी उसमें उन्होंने अपने से पहले के चार गुरुओं द्वारा रचित वाणी गुरु नानक देव गुरु अंगद देव गुरु अमरदास और गुरु रामदास की रचित वाणी तथा स्वयं की रचित वाणी और उस वक्त के निरगुण विचारधारा के 15 भक्तों की वाणी भक्त कबीरदास, भक्त त्रिलोचन, भक्त भीखम, शेख फरीदजी, भक्त पीपा, भक्त सैननाई, भक्त सघना कसाई, भक्त जयदेव भक्तवेणी जी।

गुरु घर के तीन गुरुसिखों की वाणी भाई सन्ता, भाई बलवंड और भाई सुन्दर तथा11 भट्टो की वाणी को संकलित कर गुरुग्रंथ साहिब की पावन पोथी तैयार की गई जिसे पोथी परमेश्वर की थान कहा गया। इसकी वाणी सब धर्मों के लिए है-खत्री, ब्राह्मण, क्षुद्र, वैश्य उपदेश चहुं वरणा को साझा गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है कि हम सब परमात्मा की संतानें हैं और परमात्मा ने हर प्राणी की रचना की है और उसमें विराजमान रहकर उसके प्रत्येक कार्य को भी देखता रहता है।

घटि घटि में हरि जीओ बसै-संतन कहियो पुकार।
सब हम आपस में भाई भाई हैं।
एक पिता एकस के हम बारिक तू मेरा गुरु हाई।
तथा
अव्वल अलाहि नूर उपाइआ कुदरत के सब बंदे।
एक नूर ते सब जग उपजिया कौन भले कौन मंदे।।

गुरु ग्रंथ साहिब की वाणी को धुर की वाणी खसम की वाणी, गोविंद की वाणी आदि विशेषणों से अलंकृत किया गया है।

धुर की वाणी आई तिन सगली चिंत मिटाई। तथा जब मन मेरे गोविंद की वाणी साधु जन रामरसन वखनि। गुरु ग्रंथ साहिब जी की समूची वाणी पार ब्रह्म पर केंद्रित तथा हर मनुष्य को सही इंसान बनाने और लोक कल्याण की दृष्टि से रची गई है। इसलिए कह सकते हैं कि यह वाणी उपदेश दे रही है कि सरब साझी वावता और सरबत के भले का संदेश देने वाली है। गुरु ग्रंथ साहिब के प्रथम प्रकाश दिवस पर प्रत्येक नानक नाम लेवा प्रण करे कि अब से कोई देहदारी गुरु नहीं है सिर्फ हमारे गुरु ग्रंथ साहिबजी ही हैं और उन्हीं के आदेशों पर चलकर हम अपना जीवनयापन करेंगे।

इंदर सिंह आहुजा

## आपके पत्र

# देश में बाल कुपोषण विकराल समस्या

बच्चे देश के भविष्य होते हैं। यदि देश का भविष्य ही कुपोषित रहेगा, कमजोर रहेगा तो सशक्त राष्ट्र की कल्पना करना बेमानी होगी। देश में कुपोषण से बच्चे यानी आने वाले कल के जिम्मेदार नागरिकों की हालत बहुत ज्यादा चिंताजनक हो सकती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 35 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार हैं और इनमें 50फीसदी बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित होकर बीमारी को झेल रहे हैं। देश में भले ही जोरशोर से बाल दिवस हर साल मनाया जाता है और उसी पर करोड़ों खर्च कर दिया जाता है। देश में एक महिला तथा बाल विकास मंत्रालय अलग खोल के रखा गया है, पर बच्चों के कुपोषण पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका है। मलेरिया, टीबी और ना जाने अन्य कितनी बीमारियों पर भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अरबों रुपए खर्च कर दिए हैं, पर जो भारत के आने वाले कल के नागरिक वर्तमान के बच्चे यदि कुपोषित हैं तो यह अत्यंत चिंतनीय तथा विचारणीय पहलू है। सरकारी एजेंसियों द्वारा एक आरटीआई के जवाब में बताया गया कि 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों संकलित आंकड़ों के मुताबिक 34 लाख बच्चे कुपोषित पाए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात और मध्यप्रदेश है। विगत दिनों कोरोना संक्रमण के कारण भी बच्चे कुपोषित हुए हैं। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 18 लाख बच्चे बहुत ज्यादा कुपोषित हैं एवं शेष 16लाख बच्चे अल्प कुपोषित हैं। जब अरबों रुपए अन्य बीमारियों के संक्रमण में लगाए जा सकते हैं तो एक अभियान के तहत बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए भी मैराथन प्रयास किए जाने चाहिए जिससे बच्चे तो कम से कम कुपोषित न हों। वैसे भारत कुपोषण के मामले में वैश्विक स्तर पर बांग्लादेश तथा पाकिस्तान से भी पीछे है। उसका नंबर 101वां है।

बच्चों के कुपोषण की दर इतनी ज्यादा चिंताजनक हो गई है। कुपोषित बच्चे भी बड़े होते हैं तो वह कई बीमारियों को लेकर धीरे-धीरे बढ़ते हैं और इससे उनकी लंबाई तथा स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है। देश के 34 फीसदी कुपोषित बच्चों का कद औसत कद से बहुत कम हो जाता है। 21फीसदी बच्चे जो कुपोषण के कारण यदि वह बच भी जाते हैं तो उनका वजन अत्यंत कम हो जाता है। ऐसे कम लंबाई तथा कम वजन के बेचारे बच्चे देश का क्या भविष्य बना पाएंगे या देश में अपना योगदान क्या दे पाएंगे? इसीलिए भारत सरकार राज्य सरकारों को कम से कम बच्चों की तरफ तो ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। वैश्विक भूख सूचकांक( ग्लोबल हंगर इंडेक्स) के आंकड़ों के हिसाब से 2021 में भारत 116 देशों में 101 वें स्थान पर पहुंच गया है। हर वर्ष कुपोषण के शिकार बच्चों की संख्या बेतहाशा बढ़ रही है। कुपोषण के मामले में भारत की राजधानी दिल्ली भी पीछे नहीं है। दिल्ली में ही 2 लाख बच्चे कुपोषित हैं, आंध्र प्रदेश में 2,70 लाख बच्चे कुपोषित हैं, कर्नाटक में 2,5 लाख बच्चे उत्तर प्रदेश में 19लाख बच्चे, तमिलनाडु में 1,80 लाख, असम में 1,80 लाख और तेलंगाना में 1,60 लाख बच्चे कुपोषण की स्थिति में जी रहे हैं। इस देश में जहां अरबों रुपए सरकार के 40 से ज्यादा विभागों में सालाना खर्च किए जा रहे हैं। देश की विशाल जनसंख्या को देखते हुए बच्चों के कुपोषण की दर जरूर कम है, लेकिन हर साल इनके कुपोषण की दर की वृद्धि चिंताजनक परिणाम देने वाली ना हो इस पर हम सबको ध्यान देना होगा।

संजीव ठाकुर

# सीएमओ ने नगर की एक दर्जन दुकानों से 7 किलो पॉलिथीन को जप्त किया



**शाहगढ़, देशबन्धु।** नगर में कूड़े पॉलिथिन के बीच इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 में भागीदारी को लेकर शुभारंभ हुआ। लीग के माध्यम से कूड़ा मुक्त भारत के लिए लड़ाई को अंजाम दिया जाएगा। सीएमओ एमजी गोस्वामी ने बताया कि इंडियन स्वच्छता लीग स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत कचरा मुक्त शहर बनाने की दिशा में रविवार को सेवा दिवस का शुभारंभ किया। तदोपरांत शहर को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने का प्रयास किया गया। सीएमओ ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के नौ साल और एसबीएम.यू 2.0 के दो साल का जश्न मनाने के लिए, स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 15 सितंबर से दो अक्टूबर तक शुरू हो गया है। पखवाड़े की शुरुआत 17 सितंबर को सेवा दिवस पर भारतीय स्वच्छता लीग के दूसरे संस्करण के साथ हुई। आईएसएल 2.0 के हिस्से के रूप में नगर में युवा नेतृत्व वाले स्वच्छता अभियान के हिस्से के रूप में कचरा मुक्त स्थलों के लिए रैली भी निकालेंगे। सीएमओ गोस्वामी अपनी नगरीय निकाय की टीम को लेकर मुख्य बस स्टैंड की दुकानों पर अचानक पहुंचे और करीब एक दर्जन दुकानों की जांच कर वहां से करीब सात किलों पालीथिन को जब्त किया और हिदायत देते हुए कहा कि दुकानों पर पालीथिन का इस्तेमाल पूरी तरह से बंद कर दें अन्यथा कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकती है, सामान के लिए कागज अथवा कपड़े का थैला उपयोग करें। कार्यवाही जारी रहेगी, कचरा इधर उधर नहीं फेंके, सफाई रखें और डस्टबिन का उपयोग करें।

## सार-समाचार

### भगवान विश्वकर्मा पूजन के बाद हुआ मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान



**राहतगढ़, देशबन्धु।** नगर में स्वामी कालकानंद समाधि स्थल परिसर में भगवान विश्वकर्मा जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। विश्वकर्मा समाज के लोगों ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष हवन, पूजन किया। उसके उपरांत भजन कीर्तन के आयोजन के बाद भगवान विश्वकर्मा की आरती की गई साथ ही समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरित हुआ। इस मौके पर रामेश्वर भारद्वाज, जगन्नाथ विश्वकर्मा, गोविंद विश्वकर्मा, गनेश विश्वकर्मा, कैलाश, पुरुषोत्तम, रामनारायण, बालकृष्ण विश्वकर्मा सहित समाज की महिलाएं, पुरुष, बच्चे बड़ी संख्या में शामिल रहे।

### गौ सेवा से बढ़कर कोई महान कार्य नहीं हो सकता: गौरव सिरोठिया



**बण्डा, देशबन्धु।** भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ द्वारा गौ सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गौ सेवको का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया रहे। कार्यक्रम अवसर पर श्री सिरोठिया ने कहा कि इस कार्य से बढ़कर कोई महान कार्य नहीं हो सकता। मैं आपको सम्मानित कर गौरांवित महसूस कर रहा हूं। सम्मान कार्यक्रम अवसर पर विवेक मिश्रा, मंगल सिंह, अंशुल परिहार, अर्जुन लंबरदार, महेंद्र सिंह, शीला ठाकुर, साक्षी श्रीवास्तव, रुपेश यादव, अशोक राय, भारत मेहंदीले एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एनजीओ प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रूपेश रोशन खरे ने किया। बताया कि यह कार्यक्रम सभी विधानसभा एवं मंडलों में आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के 8 विधानसभा के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं जिले के आठ विधानसभाओं के प्रभारी के रूप में रघुराज यादव कार्य करेंगे। बंडा विधानसभा में वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह महूना को विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का आभार जिले के सहसंयोजक रघुराज यादव द्वारा किया गया।

### नि:शुल्क शतरंज प्रशिक्षण आयोजन संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** रविवार को रोटरी क्लब ऑफ सागर के रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी के द्वारा शतरंज का प्रशिक्षण कांची रेस्टोरेन्ट सिविल लाइन में प्रो. मो. अश्फाक सिद्धिकी एचओडी मैनेजमेन्ट डिपार्टमेंट, इन्फिनिटी कॉलेज, मुख्य अतिथि आरसीसी चेयरमैन अधि. वीनू शमशेर जंग बहादुर राणा, कृषि विज्ञान केन्द्र से साइंटिस्ट डॉ. आशीष त्रिपाठी, स्टेनो श्री प्रजापति, हरिनारायण खरे, चंद्रकांत जैने, अनंत मौर्य, उर्मिला गोस्वामी, श्रीराम बहादुर शाही की उपस्थिति में किया गया। मो. अश्फाक सिद्धिकी ने बताया की शतरंज से गणित और मैनेजमेंट में कौशल का विकास होता है। फिडे ऑर्बिटर अंकुर सिंह ठाकुर आभार व्यक्त किया। इस प्रशिक्षण में 18 बच्चो ने सहभागिता की। प्रशिक्षण हर रविवार को 9 बजे से 11 बजे तक कांची रेस्टोरेन्ट सिविल लाइन में नि:शुल्क दिया जाएगा। प्रशिक्षण केंद्र का मुख्य उद्देश्य शतरंज में बच्चो की दिलचस्पी बढे और प्रशिक्षण से उनके खेल में बढ़ोतरी हो एवं आगामी 5 वर्षों में सागर के छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके।

## 2 सौ से अधिक बच्चों का धार्मिक उपनयन संस्कार



**शाहगढ़, देशबन्धु।** आप भले ही अपने बच्चों को काबिल बना पाओ या नहीं लेकिन उनको धार्मिक शिक्षा व संस्कार अवश्य प्रदान करें, धर्म के संस्कार संतान को वर्तमान में विपत्तियों से रक्षा करते ही हैं साथ ही दुखो से बचाते हैं, संस्कार के अभाव के कारण ही आज घरों में विवाद हो रहे हैं बच्चे अपने बड़ों का सम्मान करना भूल कर धर्म से विमुख होते जा रहे हैं यह बात मुनिश्री विरंजन सागर ने रविवार को बच्चों के उपनयन संस्कार कार्यक्रम के दौरान धर्मसभा में कहीं मुनिश्री ने कहा कि बच्चों को धर्म के संस्कार देना माता-पिता का सबसे बड़ा कर्तव्य है। संस्कार आज नहीं कल पल्लवित होंगे। बिना मोबाइल के आजकल बच्चे भोजन नहीं करते हैं, तो इन बच्चों को मोबाइल किसने दिया है। जब माता-पिता ही दिन भर मोबाइल चलाएंगे, तो बच्चे कहां पीछे रहने वाले हैं। इस मौके पर मुनिश्री ने दो सौ से अधिक बच्चों का मंत्रोचार से उपनयन संस्कार किया और मद्य, मांस, शराब, धूम्रपान का त्याग कराया और धूम्रपान करने से होने वाली बीमारियों को बताया, मुनिश्री ने कहा कि हम अपनी आगामी पीढ़ी को क्या देकर जा रहे हैं। आज मंदिरों में युवा वर्ग का अभाव है। ऐसा नहीं है कि युवा वर्ग व बच्चे नहीं है। जो दर्शन के संस्कार बच्चों को देंगे तो बच्चे कभी गलत मार्ग पर नहीं जाएंगे। माता-पिता बच्चों के प्रथम गुरु हैं संस्कार से पाषाण भी भगवान बन जाते हैं। उपनयन संस्कार के पूर्व इस दौरान आचार्यश्री विराग सागर के चित्र का आवरण व दीप प्रज्वलित एवं उपाध्याय मुनिश्री को शास्त्र भेंट बाहर से आए भक्तों द्वारा किया गया। चतुर्मास समिति के प्रकाश जैन ने बताया कि पर्युषण पर मुनिश्री के सानिध्य में श्रावक संस्कार शिविर एवं दोपहर में तत्वार्थ सूत्र विधान हो रहा है, शिविर में करीब तीन सौ से अधिक शिविरार्थी घर त्याग कर शिविर में शामिल होगे और भक्त से भगवान बनने की क्रियाएं कर अपना कल्याण का मार्ग को प्रशस्त करेंगे।

## आज सुरखी विधानसभा में जनता के बीच रहेंगे 2 मुख्यमंत्री

**सागर, देशबन्धु।** भाजपा के स्वर्णिम मध्यप्रदेश, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के लेकर पूरे मध्यप्रदेश में जन आशीर्वाद यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को सुरखी विधानसभा में जन आशीर्वाद यात्रा पहुंचेंगी। यात्रा में पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष प्रभात झा और संसदीय बोर्ड सदस्य सुधा यादव शामिल होने के लिए आ रहे थीं, लेकिन देर शाम अचानक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भी इस जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होने का कार्यक्रम बन गया। सोमवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर सुरखी विधानसभा से निकल रही जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होंगे। सुरखी विधानसभा के अलग अलग गांवों से होती हुई इस जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान रोड शो और आमसभा का आयोजन भी किया जाएगा। यात्रा का मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, यात्रा प्रभारी सुखदेव मिश्रा आदि के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के पूर्व रविवार शाम राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी चक्र मैदान और बिलहरा बस स्टैंड के सभा स्थल का जायजा लेते हुए तैयारियां की समीक्षा की। उन्होंने यात्रा पूर्व होने वाली सभी तैयारियों को समय पर पूरा करने के लिए कार्यकर्ताओं को कहा है। इसके साथ ही उन्होंने सुरखी विधानसभा से अपील की है कि जन आशीर्वाद यात्रा में बडी संख्या में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाएं।

### जन आशीर्वाद यह रहेगा रूट मैप

जन आशीर्वाद यात्रा नरसिंहपुर से होते हुए देवरी विधानसभा के बाद सुरखी विधानसभा में प्रवेश करेगी। इस दौरान जन आशीर्वाद यात्रा दोपहर 1 बजे ग्राम उमरारी मिडवासा से प्रारंभ होगी, जहां यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं की टीम 500 मोटर साइकिल के साथ यात्रा 1.30 बजे यात्रा सुरखी के चक्र मैदान पहुंचेंगी, जहां विशाल आमसभा को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर समेत अन्य अतिथि संबोधित करेंगे। यहां सभा के समापन के बाद यात्रा दोपहर 2.30 बजे मडखेडा जगीर पहुंचेंगी। इसके बाद यात्रा दोपहर 2.45 बिहलरा पहुंचेंगी। जहां बस स्टैंड पर विशाल आमसभा का आयोजित होगी। इसके बाद जन आशीर्वाद यात्रा नरयावली विधानसभा की ओर रवाना होगी।

## आदर्श कुशवाहा समाज ने निकाली भगवान लव कुश की शोभायात्रा



**बण्डा, देशबन्धु।** आदर्श कुशवाहा समाज संगठन के तत्वाधान में कुशवाहा समाज के आराध्य भगवान लव कुश की विशाल शोभा यात्रा निकल गई। शोभायात्रा स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकली गई। सारा नगर जय श्री राम एवं भगवान लव कुश के जयकारों से गूंज उठा। शोभा यात्रा में सबसे आगे भगवान लव कुश एवं राम लक्ष्मण की झांकी शोभायमान हो रही थी। तत्पश्चात डीजे की धुन पर नाचते गाते श्रद्धालु चल रहे थे। अखाड़ा दल करतब दिखाते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा नगर भ्रमण कर वापस मंडी परिसर में धर्म सभा में परिवर्तित हुई। जहां भगवान लव कुश के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर भगवान लव कुश की इमरत पटेल नीमोन और साथियों द्वारा संगीतमय आरती की गई। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर कुशवाहा समाज के अध्यक्ष कुंज बिहारी पटेल ने कहा कि आज कुशवाहा समाज को में नमन करता हूं कि उन्होंने शोभायात्रा में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाया। शोभा यात्रा में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप पटेल आचार्य एवं आभार राजेंद्र पटेल शिक्षक द्वारा व्यक्त किया। भगवान लव कुश की शोभायात्रा का सभी नगर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गायत्री मंदिर के पास वीरेंद्र लंबरदार, नगर परिषद के पास विधायक तरवर सिंह, कचहरी के पास सुनील जैन, अंबेडकर मूर्ति के पास राजेश महावीर, नगर परिषद अध्यक्ष वैभव राज कुकरेले ने पुष्प बरसा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

## युवक कांग्रेस ने बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाया प्रधानमंत्री का जन्म दिवस



**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल चौबे की अध्यक्षता एवं शहर अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी के नेतृत्व में बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाया व चाय बेचकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल चौबे ने कहा कि देश का युवा रोजगार के लिए दर व दर भटक रहा है। पलायन करने पर मजबूर है लेकिन सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलबाड़ कर रही है उनके भविष्य की चिंता नहीं है प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात जुमला साबित हुई। कार्यक्रम में सागर साहू, रोहित मांडले, नीलेश अहिरवार, लखन पटेल, अभिषेक तिवारी, उमेश ठेकेदार सहित अनेक युवा साथी शामिल हुए।

## भगवान विश्वकर्मा जयंती पर आयोजित चल समारोह का किया स्वागत




**सागर, देशबन्धु।** देवताओं के शिल्पकार कहे जाने वाले भगवान विश्वकर्मा जयंती मकरोनिया में धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विश्वकर्मा समाज द्वारा विशाल चल समारोह का आयोजन किया गया। चल समारोह का स्वागत मकरोनिया चौराहे पर सागर नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने साथियों सहित किया। वृंदावन अहिरवार ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर चल समारोह में शामिल सभी धर्म प्रेमियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत करते हुए भगवान विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**छोटा ही सही सबका अपना....** लाभ 4 लाख 75 हजार से अधिक हितग्राहियों को मिलेगा। विभिन्न आवास योजना के लाभ से वंचित परिवारों के लिये बनायी गई इस योजना का लाभ सभी वर्गों के आवासहीन पात्र परिवारों को मिलेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेंद्र सिंह सिसौदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना मुख्यमंत्री श्री चौहान के गरीब परिवारों के दुख-दर्द दूर करने की प्रतिबद्धता का परिणाम है। इससे कच्चे घरों में रह रही गरीब बहन-बेटियों को अपने पक्के आवास उपलब्ध होंगे। मंत्री श्री सिसौदिया ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्म-दिवस पर आरंभ की जा रही इस योजना के लिए प्रदेश की सभी पंचायतों की ओर से मुख्यमंत्री का आभार माना।

**साढ़े 8 हजार से अधिक....** समुचित व्यवस्था की गई है। अब स्थितियां तेजी से सामान्य हो रही हैं। इक्का-दुक्का घटनाओं को छोड़कर जनहानि या अधिक पशु हानि नहीं हुई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान को संबंधित जिलों के कलेक्टर्स ने बताया प्रभावित जिलों में प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम जिलों में सक्रिय है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मध्य रात्रि में वीसी द्वारा बुरहानपुर अलीराजपुर, खरगोन, खंडवा, बड़वानी, धार जिलों के कलेक्टर और कमिश्नर इंदौर से वीसी से चर्चा की।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अति वर्षा से नागरिकों को कोई तकलीफ नहीं होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रभावित जिलों के कलेक्टर को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कमिश्नर इंदौर से भी जिलों में आपदा दलों के तैनाती और आवश्यक व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश में ज्यादा वर्षा और प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की जानकारी विस्तार पूर्वक प्राप्त की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपर मुख्य सचिव श्री एस.एन. मिश्रा, श्री अशोक वर्णवाल और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर किए गए प्रबंधन की जानकारी प्राप्त की। खरगोन जिले में बाढ़ प्रभावित ग्रामों में लगभग 45 राहत शिविर चल रहे है। जिसमें लगभग 2017 लोगों को रखा गया है। इंदौर में बडी कलमेर एवं कलारिया गॉव के घरों में पानी भरा गया है। रेस्क्यू कार्य जारी है। पुल-पुलिया के उपर से पानी बह रहा है। ग्राम कलारिया में गंभीर नदी में फँसे समस्त 21 लोगो को एस.डी.आर.एफ. एवं सिविल डिफेंस की टीम ने बचाव कर निकाल लिया है। जिले में अब तक कुल 227 लोगो को बचा लिया गया है। इंदौर संभाग में भारी वर्षा के चलते बचाव कार्य में अन्?य जिलों से एसडीईआरएफ की आठ टीमें तैनात की गई है।

## जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर मकरोनिया में हुई बैठक



**सागर, देशबन्धु।** 18 सितम्बर को भाजपा की जन आर्शीवाद यात्रा को लेकर भाजपा मकरोनिया मण्डल की बैठक मकरोनिया में संपन्न हुई। बैठक में विधायक प्रदीप लारिया जन आर्शीवाद यात्रा प्रभारी चैन सिंह ठाकुर, विधानसभा प्रभारी श्यामसुन्दर मिश्रा शामिल हुए। मण्डल अध्यक्ष कपिल कुशवाहा ने बताया कि जन आर्शीवाद यात्रा सायं 5 बजे नरयावली विधानसभा क्षेत्र के चितौरा में प्रवेश करेगी। इसके बाद मकरोनिया स्थित रजाखेड़ी हाट बाजार में रूकेगी, जहां एक आमसभा की जाएगी। सभा को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल संबोधित करेंगे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा एवं भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य सुधा यादव सहित भाजपा नेता भी सभा को संबोधित करेंगे। इसी को लेकर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक में जन आर्शीवाद यात्रा की तैयारियों के संबंध में कार्यकर्ताओं को व्यवस्थाओं की जबावदारियां सौंपी गई है। जन आर्शीवाद यात्रा का चितौरा बम्होरी तिराहा, बड़तूमा मकरोनिया में स्वागत कार्यक्रम भी रखा गया है। बैठक में मकरोनिया मण्डल के भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित थे।


## कार्यालय नगर परिषद् शाहगढ़, जिला- सागर (म.प्र.)

फोन/ फेक्स 07583-259255 Email: cmoshahgarh@mpurban.gov.in

क्रं./1152/ई-टेण्डर/न.प./2023 शाहगढ़ दिनांक 13/09/2023

//द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद शाहगढ़ द्वारा वार्ड क्रं. 14 में स्थित मंगल भवन किराये पर दिया जाना है जिस हेतु इच्छुक व्यक्तियों अथवा ठेकेदारों से www. mptenders.gov.in के माध्यम से आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| टेंडर नम्बर | कार्य का नाम एवं विवरण | प्रति वर्ष किराये की राशि (रु. में) | अमानत राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र की राशि (रु. में) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023_UAD_307837_1 | वार्ड क्र. 14 स्थित मंगल भवन किराये पर दिये जाने हेतु। | 40000/- | 2000/- | 2000/- | 35 माह |

शर्तेः-1. इच्छुक निविदादाता विस्तृत निविदा एवं अन्य समस्त जानकारी वेबसाइट www. mptenders.gov.in विभाग (नगरीय प्रशासन एवं आवास) पर देखी जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र दिनांक 14.09.2023 समय प्रातः 10.30 से दिनांक 21.09.2023 समय शायं 5.30 बजे तक क्रय किये जा सकेगे। ऑनलाइन निविदा दिनांक 23.09.2023 को प्रातः 11.00 बजे से खोली जावेगी। 3. निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वह बेवसाईट पर किया जावेगा। समाचार पत्र में नही किया जावेगा।

**अध्यक्ष**
**नगर परिषद शाहगढ़, जिला सागर**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद शाहगढ़, जिला सागर**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग पन्ना (म.प्र.)

एनआईटी नं.20/ केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण पन्ना दिनांक 12.09.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा नवीन एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों सेआमंत्रण की जाती है:-

| क्रं. | पोर्टल टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) रुपये में) (रू.लाख में) | अमानत राशि(ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2023_ PWDRB_ 307263_1 | कलेक्टर कार्यालय खनिज शाखा (खनिज भवन) पन्ना के सामने पड़ी शासकीय भूमि पर हीरा कार्यालय की बिल्डिंग निर्माण कार्य। | पन्ना | 102.00 | 102000.00 | 12500.00 | 06 माह वर्षाकाल सहित |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन लाईन दिनांक 13.09.2023 समय 10.00 बजे से दिनांक 23.09.2023 समय 05.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. अमानत राशि (EMD) केवल ऑनलाईन RTGS/NEFT के माध्यम से ही स्वीकार होगी। एवं कोई भी दस्तावेज कार्यालय में भेजना आवश्यक नहीं है। समस्त सत्यापित दस्तावेज केवल ऑनलाईन संलग्न करना है।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग ( भ./स. ) संभाग पन्ना म.प्र.**

जी-19812/23

## कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स). संभाग टीकमगढ़ (म.प्र.)

PHONE No. 07683-242321 E-mail:-eepwdtikam@mp.nic.in

एन.आई.टी. नं.-13/2023-24/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण पन्ना दिनांक 11.09.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा नवीन एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है:-

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | निविदा आमंत्रण क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पी. ए. सी.) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2023_PWDRB 306458 | प्रथम | बी.टी. रिन्युवल कार्य: ग्रुप ए 1. देवरदा भेलसी मार्ग 3.00 कि.मी. (पी.ए.सी. 28.88 लाख) 2. मिनौरा पहुंच मार्ग लं. 2.00 कि.मी. (पी.ए.सी. 19.26 लाख) 3. कुण्डेश्वर डाईट मार्ग लं. 1.00 कि. मी. (पी.ए.सी. 11.43 लाख) 4. दिगौड़ा नादिया मार्ग लं. 6.00 कि.मी. (पी.एस.सी. 58.56 लाख) 5. गजना दिगौड़ा मार्ग लं.15.40 कि.मी. (पी.ए.सी. 175.96 लाख) | टीकमगढ़ | 304.06 | 304060.00 | 15000.00 | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2023_PWDRB 306459 | प्रथम | बी.टी. रिन्युवल कार्य: ग्रुप बी 1. जतारा चंदेरा स्वावनी खरों मार्ग लं. 10.00 कि.मी. (पी.ए.सी.112.24 लाख) 2. निबौरा इटायली मार्ग लं. 5.80 कि. मी. (पी.ए.सी. 60.37 लाख) 3. टीकमगढ़ मउसनीपुर मार्ग लं.1.00 कि.मी. (पी.ए.सी. 75.58 लाख) 4. आलमपुर बन्ने बुजुर्ग मार्ग लं. 7.20 कि.मी. (पी.ए.सी. 74.47 लाख) | टीकमगढ़ | 322.66 | 322660.00 | 15000.00 | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2023_PWDRB 306460 | प्रथम | बी.टी. रिन्युवल कार्य: ग्रुप सी 1. फूलपुर मगरई पाली चरी पचेर घाट मार्ग लं. 15.40 कि.मी. (कि.मी. 3 से 10, 18 से 20,23,24, 25/2-4, 28, 29) (पी.ए.सी. 158.76 लाख) 2. कछौरा गड़ारी जवाहरपुरा मार्ग लं. 6.93 कि.मी. (कि.मी. 1-7) (पी.ए.सी. 71.75 लाख) | टीकमगढ़ | 230.51 | 230510.00 | 15000.00 | 03 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | 2023_PWDRB 306461 | प्रथम | बी.टी. रिन्युवल कार्य: पृथ्वीपुर निवाड़ी मार्ग लं. 10.00 कि. मी. (पी.ए.सी. 269.57 लाख) पार्ट-1 | निवाड़ी | 269.57 | 269570.00 | 15000.00 | 03 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | 2023_PWDRB 306462 | प्रथम | बी.टी. रिन्युवल कार्य: पृथ्वीपुर निवाड़ी मार्ग लं. 12.57 कि. मी. (कि.मी. 11 से 23/6) (पी.ए. सी. 338.87 लाख) पार्ट-2 | निवाड़ी | 338.87 | 338870.00 | 15000.00 | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| | | | कुल राशि | | 1465.67 | 1465670.00 | 75000.00 | |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http//mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखें एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 13.09.2023 समय 10.30 से दिनांक 22.09.2023 समय 5.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग ( भ/स ) संभाग टीकमगढ़ म.प्र.**

जी-19791/23

घर के बाहर खेलते समय हुआ हादसा, घटना से गांव में छाया मातम

# मकान की दीवार गिरने से मासूम की मौत



*टीकमगढ़, देशबन्धु।* जिले के पलेरा थाना क्षेत्र के बखतपुरा गांव में रविवार को मकान की दीवार गिरने से 9 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बताया जा रहा है मासूम अपने घर के पास खेल रहा था। तभी अचानक मकान की दीवार भर-भराकर उसके ऊपर गिर गई। गंभीर हालत में परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ऐसे हुआ हादसा

पलेरा थाना की पुलिस ने बताया कि रविवार दोपहर बखतपुरा गांव में 9 वर्षीय मयंक पिता दिनेश पटेल अपने घर के पास खेल रहा था। तभी अचानक मकान की दीवार गिर गई और मयंक दीवार के मलबे में दब गया। जैसे ही परिजनों ने देखा, उसे तत्काल गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा लेकर पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस दौरान अस्पताल में चीख पुकार मच गई। बच्चे के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह से बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में मकानों की दीवारों में पानी भर गया है। जिसके कारण रविवार को यह हादसा हो गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

### पीएम कराए बिना घर ले गए परिजन

अस्पताल में डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद जब पोस्टमार्टम कराने की बात आई तो परिजन बिना पीएम कराए उसे घर ले गए। इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है।

अमरपुर की घटना से नपा के कर्मचारी अलर्ट

# जल समिति प्रभारी ने किया वॉटर प्लांट का निरीक्षण



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के अमरपुर गांव में दूषित पानी से फैली डायरिया बीमारी के प्रकोप से जिले भर में हड़कंप मच गया है। रविवार को नगर पालिका टीकमगढ़ के जल समिति के प्रभारी अनीस खान ने बरीघाट स्थित वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिका के जल शाखा प्रभारी को बारिश के मौसम में पानी के शुद्धिकरण के लिए फ्टिकरी और ब्लीचिंग पाउडर की मात्रा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

दरअसल, बारिश के चलते शहर में नलों से गंदा पानी आ रहा है। लोग सोशल मीडिया पर नलों में आ रहे गंदे पानी के वीडियो अपलोड कर नगर पालिका का ध्यान आकर्षित कर रहे है। लगातार मिल रही शिकायतों के चलते रविवार को जल समिति के प्रभारी अनीस खान ने कांग्रेसी पार्षद अरविंद रजक और नपा के जल शाखा प्रभारी सोनू श्रीवास्तव के साथ बरीघाट स्थित वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लांट में मौजूद फिटकरी और ब्लीचिंग पाउडर के स्टॉक की जानकारी हासिल की। उन्होंने जल शोधन केंद्र में पदस्थ कर्मचारियों से पानी की शुद्धिकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में नदी में बहुत अधिक मात्रा में मिट्टी युक्त पानी आ रहा है। इसके चलते शोधन केंद्र में लगातार फिल्टर करने के बाद भी पानी पूरी तरह से साफ नहीं हो पा रहा है।

उन्होंने बताया कि जल शाखा प्रभारी को बारिश के मौसम में पानी की शुद्धिकरण के लिए अधिक मात्रा में फ्टिकरी और ब्लीचिंग पाउडर डालने के निर्देश दिए हैं। ताकि नालों से सप्लाई हो रहा पानी लोगों के घरों तक साफ स्वच्छ होकर पहुंचे। इस दौरान कांग्रेसी पार्षद अरविंद रजक ने कहा कि लगातार फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया जाएगा। पानी के शुद्धिकरण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### पाइप लाइन लीकेज सुधारने की मांग

शहर के कई स्थानों पर नलों की सप्लाई पाइप लाइन में लीकेज हो गया है। जिससे बड़ी मात्रा में पानी बर्बाद होकर नालियों में बह रहा है। शहर के लोगों ने पानी की बर्बादी रोकने के लिए जल्द से जल्द लीकेज सुधारने की मांग की है।

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना का किया शुभारंभ

### आवास योजना में हितग्राहियों का कराया पंजीयन

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना का शुभारंभ किया। विभिन्न आवास योजनाओं में आवास सुविधा का लाभ मिलने से छूटे परिवारों को इस योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाएगा। कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने भोपाल की श्रीमती ममता चौहान और दीपक बंसल के आवेदनों का पोर्टल पर पंजीयन कराकर योजना में पंजीयन प्रक्रिया का भी शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 15 सितम्बर को आरंभ की गई गैस सिलेंडर रिफिलिंग योजना के अन्तर्गत श्रीमती शर्मिला बाई और संगीता सोलंकी का पंजीयन भी कराया। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसौदिया, विधायक विष्णु खत्री, अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्म दिवस पर शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे स्वस्थ - प्रसन्न रहकर देश का नेतृत्व व दुनिया को रास्ता दिखाएं और



उनका यश निरंतर बढ़ता रहे यही शुभकामनाएं हैं। इस दौरान टीकमगढ़ जिल में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष सहित जनपद पंचायत तथा ग्राम पंचायतों में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व सुना गया। इस अवसर पर एनआईसी कक्ष से जिला पंचायत सदस्य छत्रपाल सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आरके पस्तोर, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिषन मनीष जैन सहित संबंधित अधिकारी तथा लाड़ली बहनें राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

योजना की पात्रता

ऐसे परिवार, जिनके आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस एप पोर्टल पर स्वतः रिजेक्ट हो चुके हैं। ऐसे परिवार, जो भारत सरकार के एमआईएस पोर्टल पर दर्ज होने से छूट गए हैं। ऐसे परिवार जो सामाजिक, आर्थिक एवं जातिगत जनगणना 2011 एवं आवास प्लस की सूची में शामिल नहीं हैं तथा उन्हें किसी भी सरकारी योजना में आवास नहीं मिला है। योजना में ऐसे परिवार भी शामिल होंगे जिनके पास पक्की छत वाले मकान नहीं है अथवा जो दो कमरों तक वाले कच्चे मकानों में निवासरत है। ऐसे परिवार जिनकी मासिक आय 12 हजार रु से कम है तथा परिवार का कोई भी सदस्य आयकर दाता नहीं है। 2.5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित और 5 एकड़ से अधिक और असिंचित कृषि भूमि होने पर इस योजना का लाभ नहीं ले सकेंगे। जिन परिवारों के पास मोटर युक्त चौपहिया वाहन है वे इस योजना के लिए पात्र नहीं होगे। परिवार का कोई सदस्य शासकीय सेवा में हो, तो उन्हें इस योजना की पात्रता नहीं होगी।

आवेदन की प्रक्रिया

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना से संबंधित आवेदन फॉर्म जनपद पंचायतों द्वारा ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराये जायेंगे। ग्राम पंचायत द्वारा 5 अक्टूबर तक आवेदन प्राप्त किये जाएंगे। पात्र आवेदक ग्राम पंचायत में फॉर्म भरकर जमा करेंगे और पंचायत सचिव/ग्राम रोजगार सहायक से पावती प्राप्त करेंगे।

### आवश्यक दस्तावेज


समग्र आईडी, आधार नम्बर, बैंक खाता, मनरेगा जॉब कार्ड (यदि उपलब्ध हो), लाड़ली बहना योजना का पंजीयन क्रमांक (केवल लाड़ली बहनों के लिए) इन सभी दस्तावेजों को आवेदक को स्वयं सत्यापित करना होगा, किसी अन्य से सत्यापित कराने की आवश्यकता नहीं हैं। प्राप्त आवेदनों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। जिला पंचायत अधिकारी द्वारा सत्यापन के पश्चात राज्य सरकार द्वारा पात्र परिवारों को आवास आवंटन की कार्यवाही की जाएगी।

### शिकायत निवारण एवं मॉनिटरिंग प्रक्रिया

आवेदकों को यदि किसी प्रकार की परेशानी होती है तो वो पंचायत में अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

# अमरपुर का स्वास्थ्य टीम ने किया भ्रमण, मरीजों का किया उपचार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** ग्राम अमरपुर में उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया था। इस दौरान तीन मरीजों की मौत मौत भी हो गई थी। उसके बाद स्वास्थ्य टीम ने ग्राम अमरपुर का भ्रमण किया जा रहा है। बीएमओ शांतनु दीक्षित ने बताया है कि दिन में एवं रात में भी भ्रमण कर लोगों से जानकारी ली जा रही है। मरीजों की संख्या 55 से ऊपर हो चुकी थी। गांव में स्वास्थ्य टीम द्वारा गांव का भ्रमण कर मरीज का उपचार किया जा रहा है और उन्हें सलाह दी जा रही है कि पानी उबालकर भी है एवं बासा भोजन खाने से बचें और कोई भी समस्या आने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें।



पीएमयूएम शिक्षक संघ की बैठक हुई संपन्न

# पटेरिया बने दिव्यांग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** स्थानीय नजरबाग मंदिर परिसर में प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ की स्थानीय मांगों के निराकरण और संघ के विस्तार हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रांत स्तरीय मांग मध्य प्रदेश के कर्मचारियों का हो केंद्र के समान वेतन मान की मांग के साथ जिला स्तरीय मांगे बैठक में रखी गई। सत्र के बीच में हुए ट्रांसफरों का घोर विरोध किया गया। संकुल कुंडेश्वर, बड़ागांव, अजनोर, सीनियर संकुलो के शिक्षकों की सातवें वेतन मान की किस्त का भुगतान नहीं किया गया जिस पर शिक्षकों ने आक्रोश व्यक्त किया और जल्द से जल्द सभी संकुलो में एरियर्स का भुगतान कराए जाने का निर्णय लिया गया। उच्च प्रभार की प्रक्रिया में भारी विसंगतिया परलक्षित हो रही जिसमें कई शिक्षकों के नाम अभी भी सम्मिलित नहीं हुए है। कई शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति दिनांक गलत अंकित है जिसको अभी तक नहीं सुधारा गया एवम विषय वार विसंगतियां भी बनीं हुई है जिनको जिला कार्यालय द्वारा निराकृत नहीं किया जा रहा है। जल्द से जल्द इन समस्याओं का निराकरण कराया जाए। उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु संघ का प्रतिनिधि मंडल जिला कलेक्टर से मुलाकात करेगा। जिलाध्यक्ष सतीश खरे ने संघ का विस्तार करते हुए ओपी पटेरिया को दिव्यांग प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। मुख्य अतिथि राघवेंद्र राजपूत रहे। बैठक में मुख्य रूप से ब्रजेश असाटी, डी एस बुंदेला, सुधा मिश्रा, नीलू राय, प्रीति खरे, ऋतु शर्मा, आशा सोनी, अर्चना खरे, परवीन बानो, उमेश सोनी, अरविंद नामदेव, शैलेश जैन, संजय रावत, एस के गुप्ता, रघुनंदन शुक्ला, मुकेश सेन, जागेश्वर मिश्रा, हरलाल रैकवार, व्रंदावन रैकवार, संतराम नापित, अजय नामदेव, जे डी सिंह, के पी रैकवार, मुकेश त्रिपाठी, कार्तिक खरे मौजुद रहे।

## सभी पीडीएस दुकानों पर अन्न उत्सव 18,19 तथा 20 सितम्बर को

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** म.प्र. शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देशन में सार्वजनिक विपरण प्रणाली अन्तर्गत खाद्यान्न वितरण किये जाने हेतु टीकमगढ़ जिले की सभी पीडीएस दुकानों पर 18,19 तथा 20 सितम्बर 2023 को अन्न उत्सव का आयोजन किया जायेगा। अन्न उत्सव के तहत शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र हितग्राहियों को पात्रतानुसार नियमित खाद्यान्न वितरण किया जायेगा। कलेक्टर श्री शर्मा के निर्देशानुसार 18,19 तथा 20 सितम्बर को आयोजित अन्न उत्सव हेतु नोडल अधिकारी, सतर्कता समिति की सदस्यों की उपस्थिति में कराने हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारीयों की ड्यूटी लगाई गई है। नोडल अधिकारियों द्वारा बिन्दु अनुसार जाँच कर प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र भर कर कलेक्टर कार्यालय खाद्य शाखा में प्रस्तुत करेंगे।

# लायंस क्लब ने आयोजित की इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर में रविवार को लायंस क्लब ने इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। निजी स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में नगर के शासकीय और प्राइवेट स्कूल के कक्षा 5वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। लायंस क्लब के अध्यक्ष रोमांश नायक ने बताया कि प्रतियोगिता दो शिफ्ट में आयोजित की गई। पहली शिफ्ट में कक्षा 5वीं से 8वीं तक के स्टूडेंट शामिल हुए। दूसरी शिफ्ट में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में छात्र.छात्राओं को ओएमआर शीट के बारे में बताया गया। साथ ही उनकी कक्षा से संबंधित सिलेबस और जनरल नालेज के प्रश्नों पर परीक्षा कराई गई। लायंस क्लब के सदस्य अनूप नायक, नितिन जैन ने बताया कि लायंस क्लब की ओर से आज इंटर स्कूल क्विज कांपटीशन शहर में 6 वीं बार आयोजित कराया गया। प्रतियोगिता में नगर के सभी स्कूलों के 1500 बच्चे सम्मिलित हुए।

**प्रतियोगी परीक्षाओं का अभ्यास कराया-** लायंस क्लब अध्यक्ष रोमांश नायक ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को भविष्य में होने वाले कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी कराना है। ताकि आगे चल कर बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का परिणाम और सम्मान समारोह 24 सितंबर को नगर के शहनाई गार्डन में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में सभी छात्रों के माता.पिता और स्कूल प्रिंसिपल स्टाफ को आमंत्रित किया गया है।

## वृत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि 30

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश वृत्तिकर संषोधन अधिनियम के अंतर्गत वर्ष 2023-24 के लिये वृत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2023 है। अतः जीएसटी से पंजीकृत/अपंजीकृत व्यवसाई, निजी विद्यालय/महाविद्यालय, कम्प्यूटर सेंटर, चिकित्सक, चिकित्सा व्यवसायी, सी.ए., वकील, बीमा अभिकर्ता, मदिरा दुकान संचालक, चिटफण्ड संचालित वाली संस्थायें या व्यक्ति, सहकारी सोसाईटी, ट्रांसपोर्टर कोचिंग संस्थान, चिकित्सालय, जिमसेंटर, धर्मकांटा, होटल, लॉज, विवाह मंडप, टेंट शामयाना, केवल ऑपरेटर, वीडियो पार्लर, ब्यूटी पार्लर, फाईनेंस कम्पनी, क्लीनिक, लैब पेथौलॉजी, नर्सिंग होम, क्योस्क सेंटर, फैषन डिजाईनर, बुटीक, किराना व्यवसाई, प्रोविजनल स्टोर, पेट्रोल पम्प, टोल प्लाजा, कम्प्यूटर कॉलेज, नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर, अर्धशासकीय कार्यालय, बैंक, एलआईसी आदि 30 सितम्बर 2023 तिथि तक अनिवार्यतः वृत्तिकर जमा करायें, जिससे शास्ति एवं बसूली की कार्यवाही से बचा जा सके।

# अस्पताल व आदिवासी बस्ती में मनाया मोदी का जन्मदिन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन होने देश प्रदेश सहित कई जिलों में उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया जा रहा है। रविवार को भाजपा मंडल दिगौड़ा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दिगौड़ा में मनाया गया।

मंडल अध्यक्ष गोविंद सिंह घोष, महामंत्री सत्येंद्र जैन, कोषाध्यक्ष रंजीत यादव सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनके परिजनों को फल सामग्री वितरित कर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया। भाजपा मंडल महामंत्री ने ग्राम बछोड़ा के पास आदिवासी बस्ती में जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस मनाया। महामंत्री ने आदिवासी बस्ती में रहने वाले बच्चों, महिलाओं को फल वितरित किए और प्रधानमंत्री के जन्मदिन के बारे में आदिवासी बस्ती के लोगों को बताया गया। बस्ती में रहने वाले लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन की जानकारी होने पर वह खुशी से झूम उठे और प्रधानमंत्री के जमकर नारे लगाए गए।

## प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया रक्तदान



**टीकमगढ़।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा टीकमगढ़ द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना के नेतृत्व में एवं पूर्व जिला अध्यक्ष गोविंद बिहारी अग्रवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीस खान की विशेष उपस्थिति में किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा रक्तदान का नरेन्द्र मोदी के यशस्वी, स्वस्थ्य, दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिषेक खरे, जिला महामंत्री अश्वनी चढ़ार, आशुतोष भट्ट, कोषाध्यक्ष मुन्नालाल साहू युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभय यादव पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष सोवरन कुशवाहा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती विभा श्रीवास्तव, श्रीमती सरोज राजपूत, नरेश तिवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री मुमताज अली, यूनुस खान, मंडल अध्यक्ष तालिब मोहम्मद, सद्दाम भाला अब्दुल समद्, सलमान खान, अरबाज खान सहित भाजपा, अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाओ प्रतियोगिता, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** गणेश चतुर्थी पर्व से पहले रविवार को मातृशक्ति संगठन की ओर से मिट्टी से श्री गणेश प्रतिमा बनाने के लिए प्रतियोगिता रखी गई। शहर के निजी स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चों ने मिट्टी से भगवान श्री गणेश की एक से बढ़कर एक प्रतिमाएं तैयार की। मातृशक्ति संगठन की अध्यक्ष श्रद्धा चौहान ने बताया कि आज बच्चों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से मिट्टी से श्री गणेश प्रतिमाएं बनाने का कंपटीशन रखा गया। उन्होंने कहा कि त्योहार मनाने का असली आनंद तो तभी हैए जब हम पर्यावरण को नुकसान पहुंचा, बगैर उत्साह के साथ पर्व मनाएं। साथ ही दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि दैनिक भास्कर के श्मिट्टी के गणेश ही विराजमान करें। अभियान से प्रभावित होकर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान बच्चों से आगामी दिनों में गणेश चतुर्थी पर्व के दौरान अपने हाथों से मिट्टी से निर्मित श्री गणेश प्रतिमाएं विराजमान कर पूजा अर्चना करने की बात कही। साथ ही तालाब या नदियों में प्रतिमाएं विसर्जित करने की बजाय अपने-अपने घरों में प्रतिमा विसर्जित करने की अपील की।



**बच्चों को किया पुरस्कृत-** प्रतियोगिता में बच्चों ने मिट्टी से भगवान श्री गणेश की सुंदर प्रतिमाओं का निर्माण किया। मातृशक्ति संगठन की पदाधिकारियों और बच्चों ने आरती उतारकर पूजा अर्चना की। इसके बाद सबसे अच्छी प्रतिमाएं बनाने वाले बच्चों को संगठन की ओर से पुरस्कार बांटकर सम्मानित किया।

## सार समाचार

### प्रधानमंत्री के जन्म दिवस वृक्षारोपण कर मनाया गया

**दमोह देशबन्धु।** यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राओं एवं विकासखंड समन्वयक प्रभारी वंदना जैन जन अभियान परिषद एवं दीपांजलि सोशल वेलफेयर सोसाइटी, एवं स्वर्गीय नन्नू सिंह सेवा समिति, जन कल्याण सेवा समिति नोहटा एवं सभी परामर्शदाताओं ने छात्रों के साथ मिलकर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कर जन्म दिवस मनाया। जिसमें त्रिलोक सिंह ने बताया कि सभी देशवासी यदि संकल्प लेते हैं कि हम विशेष अवसरों पर वृक्षारोपण करेगे तो निश्चित ही हमारे देश एवं समस्त विश्व का निश्चित ही कल्याण होगा।

### एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल आज

**दमोह देशबन्धु।** मध्य प्रदेश संयुक्त मोर्चा अशासकीय विद्यालय संगठन मध्य प्रदेश द्वारा 18 सितंबर 2023 सोमवार के बंद में मध्य प्रदेश प्रांतीय अशासकीय शिक्षण संस्था संघ भोपाल द्वारा भी पूरे प्रदेश में एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल(विद्यालय बंद) रखी जा रही है। जिसमें प्रमुख मांगे निम्न रखी गई हैं जिसमें 3 साल स्कूल संचालन के बाद स्थाई मान्यता प्रदान की जाएं, सत्र 2022-23 की आरटीई फीस प्रतिपूर्ति की राशि का भुगतान इसी माह 25 सितंबर 2023 तक जारी की जाएं, सत्र 2016-17 से 2022-23 तक पोर्टल पुन: प्रपोजल बनाने के लिए खोला जाए। जो बच्चे अपात्र किए गए हैं। उन्हें स्कूल से हटाया गया है। जिन बच्चों के प्रपोज नहीं बन पा रहे हैं। उनका भौतिक सत्यापन कराकर आर टी ई का भुगतान किया जाए, सरकार, निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों को भी मेडिकल में 5: की छूट प्रदान की जाए। सीबीएसई विद्यालयों को भी कक्षा 12वीं में लैपटॉप दिया जाए। कक्षा पांचवी और आठवीं अर्धवार्षिक परीक्षा अक्टूबर के बजाए नवंबर में रखी जाएं। नर्सरी से मैपिंग की जाएं। जो विद्यार्थी वर्तमान में जिस विद्यालय में है।

### सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** असाटी महिला मंडल के द्वारा असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में द्वितीय सुंदरकांड पाठ का आयोजन सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसकी आयोजक गीता दिनेश असाटी एवं असाटी महिला मंडल के मार्गदर्शक मंडल की सदस्य शिखा शैलेंद्र असाटी थी। इन्होंने अपने ससुर साहब पुरुषोत्तम लाल असाटी की 13वीं पुण्यतिथि के स्मृति में सुंदरकांड पाठ रखा। वही आयोजकों के द्वारा असाटी महिला मंडल को पांच सौ रूपये की सहयोग राशि भी प्रदान की। कार्यक्रम में समाज की अधिक संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। सभी ने सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया एवं भजनों के साथ सामूहिक आरती के पश्चात जलपान एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का सफ्ल समापन किया गया।

# कृषि ग्रामीण विकास बैंक के कर्मचारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**दमोह देशबन्धु।** जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक दमोह में कार्यरत कर्मचारियों एवं सेवानिवृत कर्मचारियों ने विधायक अजय टंडन को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने कहा कि जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक जिसका पूर्व नाम भूमि विकास बैंक था। म.प्र. शासन द्वारा इस अधिकोष को परिसमापन के उपरांत उन कर्मचारियों का संविलियन केन्द्रीय सहकारी बैंक दमोह में कर दिया था 16 सितंबर 2017 को विगत वर्ष 2015 से 2017 तक बैंक में पदस्थ कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं किया गया और न ही कर्मचारियों को ग्रेच्चुयरी प्रदान की गई जबकि उक्त कर्मचारियों की सेवाये यथावत बैंक के सभी कार्यो में लेते रहे उन्होंने बताया कि उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों सहायक पंजीयक एवं राज्य सहकारी बैंक भोपाल के एम.डी. से कई बार पत्राचार किया। इस के उपरांत भी आज दिनांक तक कर्मचारियों का 91 लाख वेतन एवं ग्रेच्चुयरी 60 लाख कुल 151.00 लाख का भुगतान नहीं किया गया उस पर विधायक अजय टंडन वं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कर्मचारियों को आस्वस्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार कई विभागों के कर्मचारियों की मांगों का निराकरण करते हुए उन मुददो पर ही फोकस कर ही हैं जो महिलाओं की भावनाओं से जुड़े है वह पत्र लिखकर अपनी जायज मांगों को उठायेगे और कर्मचारियों का रूका वेतन दिलाकर रहेगे। इस अवसर पर विजय बहादुर सिंह, टी.आर.पटेल. सुधीर पाठक, एस.के. कौशल, ए.एस.ठाकुर, हरिशंकर पांडे सहित सहकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रहीं।

## 32 स्थाई वारंटियों को न्यायालय पेश किया, एक जिलाबदर

**दमोह देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक दमोह सुनील तिवारी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह संदीप मिश्रा के द्वारा टीम को स्थाई वारंटियो के वारंट तामील कराकर न्यायालय पेश करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन में गठित टीम के द्वारा 32 स्थाई वारंटियो को वारंट तामील कर आरोपियो को न्यायालय पेश किया गया एवं विजय पिता सिब्बू कोरी उम्र 38 साल निवासी ग्राम खजरी थाना दमोह देहात जिला दमोह के जिला बदर आदेश की तामीली की गई। उक्त सराहनीय कार्य हेतु सउनि रमाशंकर मिश्रा, प्रधान आरक्षक 114 संजय पाठक, प्र0आ0 195 सूर्यकांत, प्र0आर0 840 आलोक, प्र0आर0 765 कामता, प्र0आर0 280 राकेश एवं आरक्षक 589 देवेन्द, आरक्षक 09 नवीन का विशेष योगदान रहा।

### सिटी कोतवाली दमोह में शांति समिति की बैठक संपन्न



**दमोह देशबन्धु।** आगामी त्यौहारों (गणेश चतुर्थी, ईद मिलादुन्नबी, अनंत चतुर्दशी आदि) को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रांगण सिटी कोतवाली में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। दमोह कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में दमोह आर एल बागरी, तहसीलदार मोहित जैन, नायब तहसीलदार सोनम पांडे, थाना प्रभारी कोतवाली विजय सिंह राजपूत, नपा जितेंद्र राय की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। स्थापना और विसर्जन को लेकर विशेष चर्चा की गई. इस दौरान समिति के सदस्य गण विशेष रूप से मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन पौधारोपण कर मनाया



दमोह देशबन्धु। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस पूरे देश भर में विभिन्न तरीके से मनाया गया। स्वच्छता और सेवा के साथ वृक्षारोपण भी किए गए। मध्य प्रदेश के दमोह जिला मुख्यालय पर स्थित सांसद निवास पर दमोह सांसद एवं भारत सरकार के केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के प्रतिनिधि नरेंद्र बजाज एवं अपर निज सचिव रमेश के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। सांसद प्रतिनिधि बजाज ने अपने संदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुभकामनाएं देते हुए कहा हम सब प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु की कामना करते है ,जन्मदिवस को विभिन्न तरीके से मनाया जा रहा है जिसमें स्वच्छता और सेवा का संकल्प लिया गया है, हम सभी ने भी इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्य किया है। इस अवसर पर यशपाल सिंह ठाकुर, विक्रांत गुप्ता, अनुपम जड़िया, आलोक गोस्वामी, मोंटी रैकवार, विमल असाटी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति रही।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** भाजपा दमयंती नगर मंडल के द्वारा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री आवास कालोनी के पास समन्ना बायपास पर सुन्दर कांड पाठ का कार्यक्रम किया गया एवं प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर दीर्घायू की सभी ने कामना की। जिसमें प्रमुख रूप भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह, संजय राय, जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी कार्यलय मंत्री रामलाल उपाध्याय मंडल अध्यक्ष पवन तिवारी, कार्यक्रम प्रभारी नगर उपाध्यक्ष हरीश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष बांसा देवकी नंदन पटेल, शिवशंकर कुशवाहा, इन्द्रकुमार चौरहा, नगर उपाध्यक्ष पं श्याम दुबे, कपिल दुबे बाबू अग्रवाल, हर्ष पटेल, अरुण सोनी, मुकेश खरे, गज्जू ठाकुर राम रैकवार एवं सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन नगर उपाध्यक्ष पं श्याम दुबे, ने व नगर मंडल अध्यक्ष पं पवन तिवारी आभार व्यक्त किया।

## आम जनमानस की एक ही मांग, बूदाबहू मंदिर की अनियमितताओं की हो जांच



**दमोह देशबन्धु।** जिले के प्रतिष्ठित बूंदाबहू मंदिर की कमेटी के सदस्यों द्वारा की गई आर्थिक अनियमितताओ एवं नियम विरुद्ध तरीके से किये जा रहे कार्यों की जांच की मांग की गई। इस मामले में शनिवार की देर रात्रि तक शहर के प्रत्येक वर्ग प्रत्येक समाज के लोगों ने एक बैठक कर इस मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग अपने-अपने तरीके से रखी। बूंदाबहू मंदिर परिसर में आयोजित इस बैठक में जहां ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2017 से 2022 तक की गई आर्थिक अनियमितताओ, व्यापारियों के साथ की जा रही मनमानी, निर्माण कार्यों में किये जा रहे घोटाले, मंदिर में होने वाले अनेक प्रकार के धार्मिक आयोजनों के बंद होने सहित 3 वर्षों से जीर्णोद्धार के नाम पर भगवान को दूसरे स्थान पर रखकर मंदिर के निर्माण न किए जाने जैसे अनेक मुद्दों पर लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

लगभग 500 से अधिक लोगों की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में जहां राजपूत, असाटी, अग्रवाल, कायस्थ, वैश्य, सिंधी, ब्राह्मण, लोधी, सेन, पंजाबी, सोनी, राय, नामदेव, कछवाहा, विश्वकर्मा, कुर्मी, नेमा, कटारिया, रैकवार, चौरसिया, यादव, कोरी, खटीक समाज सहित प्रत्येक वर्ग के लोगों ने भाग लेकर मंदिर कमेटी द्वारा की जा रही अनियमितताओ की जांच की मांग की।

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी की जयंती पर कांग्रेस जनों ने दी श्रद्धांजलि

**पन्ना, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीनिवास तिवारी की 98 जयंती पर कांग्रेसियों ने याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। देवेंद्र नगर में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री आशीष बागरी के संयोजन में उनके निवास स्थान पर स्व. श्री तिवारी के छायाचित्र पर मौजूद कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री आशीष बागरी ने कहा कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री तिवारी ने अपना पूरा जीवन ऐसे लोगों के लिए समर्पित किया जो सबसे उपेक्षित रहे जिनको उन्होंने संघर्ष करके न्याय दिलाया। विधानसभा अध्यक्ष, मंत्री एक पार्टी के सामान्य कार्यकर्ता के रूप में भी जीवन के अंतिम समय तक उन्होंने सेवा की और एक अमिट छाप भी छोड़ी यदि उनके पास कोई किसी काम के लिए भी गया तो उसे निराश होकर वापस नहीं लौटना पड़ा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रामकरण पांडे, विधायक प्रतिनिधि शादाब खान, ब्लाक युवक कांग्रेस अध्यक्ष अजेंद्र श्रीवास्तव, शरीफुल हसन, अब्दुल रशीद चिश्ती व बड़वारा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लवलेश नायक, श्याम बिहारी नायक, राम सजीवन, राम विश्वास, गुलाब खरे सहित काफी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### गुनौर थाना मे पदस्थ एसएएफ के जवान की मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के गुनौर थाना मे पदस्थ एसएएफ दसवीं बटालियन के जवान दीपक पटेल की मौत हो गई है। लेकिन अभी तक मौत का खुलासा नही हुआ है, कि आखिर किन कारणो के चलते उनकी मौत हुई है। कोई सडक दुर्घटना बता रहा है तो कोई हार्ट अटैक बता रहा है। दीपक पटेल को बीते दिवस जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया था, जिनकी ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। अभी तक यह स्पष्ट नही हुआ है कि किन कारणो के चलते दीपक पटेल की मृत्यु हुई है। पुलिस ने पोस्ट मार्टम कराकर मर्ग कायम कर लिया है तथा जांच की जा रही है कि आखिर दीपक पटेल की किन कारणो के चलते मृत्यु हुई है।

### जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान मुआवजा की मांग कर रहे किसान गिरफ्तार

**पन्ना, देशबन्धु।** मप्र की शिवराज सरकार चुनाव से पहले जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से अपनी योजनाओं और विकास कार्यों का प्रचार प्रसार कर मतदाताओं को लुभाने का प्रयास कर रही है। 17 सितंबर को भाजपा की जन आशीर्वाद जैसे ही पवई विधानसभा से रवाना हुई कुछ किसानों ने अतिवृष्टि में उड़द की फसल खराब होने से हुए नुकसान की भरवाई और सड़क विहीन ग्राम महोड़ में सड़क बनवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपन का प्रयास कर रहे थे, पुलिस के द्वारा रोके जाने पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी जिन्हें पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर गिरफ्तार कर सिमरिया थाना ले जाया गया, गिरफ्तार किए गए किसानों में ओबीसी महासभा के संभागीय सचिव त्रिलोक सिंह यादव, एड. रामखेलावन पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष किसान संघ, राम भगत कुशवाहा ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष, राजेन्द्र सिंह राजपूत जिला महामंत्री किसान संघ, नागेन्द्र सिंह, राजवेन्द्र सिंह, शारदा सिंह, निर्पत सिंह, कमलेश पटेल, लखन पटेल, विनोद कुशवाहा, मोनू कुशवाहा, राम भगत पटेल सहित काफी संख्या में किसान शामिल रहे, किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि हमारी उचित मांगे शीघ्र पूरी नहीं उई तो भाजपा सरकार की रवानगी तय है।

## स्वच्छता के लिए निकाला मशाल जुलूस

**छतरपुर, देशबन्धु।** केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के आवाहन पर छतरपुर नगर पालिका द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत इंडियन स्वच्छता लीग सीजन-2 का शुभारंभ रविवार को शहर में स्वच्छता की मशाल निकालकर किया गया। नगर पालिका कार्यालय से हनुमान टौरिया मंदिर तक पैदल मार्च निकालकर शहरवासियों से अभियान में जुडने की अपील की गई। इस दौरान लोगों से अपने-अपने घरों के आसपास साफ-सफाई रखने और घरों तथा कार्यालयों से निकलने वाले कचरे को कचरा वाहन में डालने का आग्रह भी किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चौरसिया ने शहरवासियों से अपील की है कि सभी लोग स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाए जा रहे इस अभियान से जुडक़र अपने शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। वहीं अभियान के क्रियान्वयन में सहयोग कर रही दर्शना महिला कल्याण समिति की प्रभा वैद्य ने कहा कि चूंकि यह अभियान शहर को स्वच्छ बनाने का है इसलिए संस्था द्वारा नगर पालिका परिषद का सहयोग किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा ने बताया कि यह अभियान आने वाले 15 दिनों तक शहर में चलाया जाएगा और अभियान में शहर के लोगों की भागीदारी होगी।

## जैन धर्मावलंबियों के 10 दिनी पर्युषण पर्व कल से

**छतरपुर, देशबन्धु।** जैन धर्मावलंबियों के आत्म आराधना के दस दिवसीय पर्यूषण पर्व इस वर्ष 19 सितंबर 23 से धार्मिक प्रभावना के साथ प्रारंभ हो रहे है। आचार्य श्री आर्जवसागर जी के शिष्य मुनि श्री विलोक सागर जी एवं मुनिश्री विबोध सागर का चातुर्मास छतरपुर में होने के कारण पर्युषण पर्व का उल्लास और भी बढ़ गया है। पर्यूषण पर्व पर नगर के जैन मंदिरों को आकर्षक विद्युत से सजाया गया है।

प्रो सुमति प्रकाश जैन के अनुसार सृष्टि के प्रारम्भ होने के प्रतीक स्वरूप जैन धर्मावलंबी प्रति वर्ष भाद्रपद पंचमी से अनंत चतुर्दशी तक पूरे नियम, संयम और धार्मिक विधि विधान से दस दिवसीय पर्युषण पर्व मनाते हैं। इस वर्ष पर्युषण पर्व 19 सितंबर से प्रारंभ हो रहे हैं जो 28 सितम्बर को सम्पन्न होंगे। इस अवसर पर नगर के कोतवाली के समीप स्थित जैन मंदिरों, हटवारा जैन मंदिर, अतिशय क्षेत्र डेरापहाड़ी जैन मंदिर, चेतगिरि जैन मंदिर, ग्रीन एवेन्यू जैन मंदिर आदि में पर्युषण पर्व पर प्रतिदिन सुबह से धार्मिक एवं आध्यात्मिक क्रियाएं जैसे श्री जी का अभिषेक-पूजन, प्रवचन आदि प्रारंभ हो जाएंगे। सायंकाल मंदिरों में आरती, प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। डा जैन ने बताया कि धर्म के दस लक्षण उत्तम क्षमा धर्म, उत्तम मार्दव धर्म, उत्तम आजर्व धर्म, उत्तम शौच धर्म, उत्तम सत्य धर्म, उत्तम संयम धर्म ,उत्तम तप धर्म ,उत्तम त्याग धर्म उत्तम आकिंचन धर्म, उत्तम ब्रहचर्य धर्म होते हैं, जिनका पालन कर श्रावक आत्म-आराधना करते हैं। इस प्रकार इन दस पर्वों को पर्युषण पर्व के रूप में जैन समाज के श्रावक बड़ी धूमधाम से मनाते हैं।

### उमा शुक्ला विभागीय समिति की अध्यक्ष नियुक्त

**पन्ना, देशबन्धु।** मप्र कर्मचारी कांग्रेस संगठन के द्वारा उमा शुक्ला को जिला शिक्षा केन्द्र की विभागीय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उमा शुक्ला नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास गुनौर में सहायक वार्डन के पद पर पदस्थ हैं।



उनकी यह नियुक्ति मप्र कर्मचारी कांग्रेस संघ के जिलाध्यक्ष पन्ना एवं संगठन के वरिष्ठ उप प्रांताध्यक्ष एसपी राय द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए की गई साथ ही उन्हें यह निर्देश भी दिए गए कि वे तत्काल कार्यभार ग्रहण करते हुए विभागीय कार्यकारिणी का गठन कर जिला निकाय को अवगत कराएं। उमा शुक्ला को मप्र कर्मचारी कांग्रेस संघ की जिला शिक्षा केन्द्र की विभागीय समिति का अध्यक्ष बनाये जाने पर जिले के कर्मचारियो ने प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रदेश उपाध्यक्ष एसपी राय का आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी।

## भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा में रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे



**पन्ना, देशबन्धु।** भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान पंचायत अंतर्गत आने वाले रानीपुरा गांव के लोगों ने सड़क में रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा लिखकर अपना विरोध जताया। रानीपुर के लोग हाथों में रोड नहीं तो वोट नहीं के नारो से लिखी तख्तियां भी अपने हाथों में लिए थे पर जन आशीर्वाद यात्रा के रथ के आगे चल रहे पुलिस कर्मियों ने बलपूर्वक ग्रामीणों से तख्तियां छीन कर जप्त कर ली और शांतिपूर्वक नेताओं से अपनी बात रखने को कहा। लेकिन जब विकास यात्रा का रथ रानीपुर में नहीं रुका तो स्थानीय लोगों ने आक्रोशित होकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, स्थानीय सांसद व प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा सहित स्थानीय विधायक प्रहलाद लोधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, ग्रामीणों ने बीच सड़क में रोड नहीं तो वोट नहीं लिखकर सरकार व शासन का ध्यान आकृष्ट कराने का प्रयास किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रूप से पुखराज यादव, भुवन पटेल, संत कुमार पटेल, रविंद्र पटेल, स्वामी पटेल, सालक पटेल सहित पचासों लोग मौजूद रहे।

### जिले के सलेहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का मामला

## गर्भवती को नहीं मिला समय पर इलाज, शिशु की हुई मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गई है परिजनों ने स्टाप कर्मियों पर रूपए मांगनें इलाज में देरी लापरवाही बरतने का लगाया आरोप, घटना रविवार की सुबह चार बजे कि बताई गई है। पिपरिया गांव निवासी गीता बाई अपनी बहू अर्चना सिंगरौल गर्भवती बहू को प्रसव कराने को सलेहा अस्पताल में रविवार की सुबह 4 बजे भर्ती को लेकर आई थीं तब ड्यूटी में नर्स गहरी नींद में सो रहीं थीं, जिसमें नर्स ने आधा घंटा बाद इलाज करने की बात कही गीता बाई ने कहा कि मेरी बहू घंटो प्रसव पीड़ा से कराह रही थी, मगर नर्स व डाक्टर ने समय पर इलाज नहीं किया और भर्ती रूम कि फर्श पर बच्चा हो गया, मै जब में द्वारा ड्यूटी नर्स को लेने गई तब कहीं नर्स आई जब तक नवजात शिशु मृत पाया गया। वहीं पीड़ित के बगल में एक हरीरा गांव कि प्रसव पीड़ा में भर्ती हुई महिला सुनीता सिंगरौल ने स्टाप पर 400 रूपए लेने के आरोप लगाए। कहीं न कहीं स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेवार




अधिकारी शासन कि व्यवस्थाओं को नाकामी की तरफ ढकेल रहें हैं।




स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।